तापमान
अधिकतम 32.7 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 31 अगस्त 2025



शनिवार को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के आगमन पूर्व रेलवे स्टेशन के बाहर रही पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था।



**चोर सिपाही का अजब खेल** ग्रामीणों ने दो सिपाहयों को पकड़कर पीटा

## 40 हजार लेकर कोचिए को छोड़ा, फिर महुआ शराब दूसरे कोचिए को बेचने लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस विभाग के तीन सिपाहियों ने अवैध शराब पकड़ी, फिर 40 हजार रुपए लेकर कोचिए को छोड़ दिया, इसके बाद जब्त शराब को दूसरे कोचिए को बेचने लगे, चोरी छिपे घोटाला करते सिपाहियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी, तीन में से एक सिपाही जान बचाकर भाग गया, लेकिन दो सिपाहियों की जमकर कुटाई की गई। अगले दिन ग्रामीणों ने उन्हें पंचायत में पेश किया, वहां माफी मांगने पर उन्हें छोड़ा गया। जानकारी मिलने पर एसएसपी ने दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया है, वहीं तीसरे आरक्षक पर कार्रवाई नहीं की गई है।

26 अगस्त को रतनपुर थाने में पदस्थ संजय खांडे, सुदर्शन मरकाम एक अन्य सिपाही ने बिना वर्दी के सिल्ली मोड़ कुंआजती गांव में एक कोचिया को 40 लीटर शराब के साथ पकड़ लिया। तीनों सिपाहियों ने उससे 40 हजार रुपए की उगाही की और मौके से कोचिया को छोड़ दिया। उसके बाद तीनों सिपाही 40 लीटर शराब लेकर ग्राम पोंड़ी पहुंचे और एक कोचिए को बुलाकर उससे शराब बेचने के लिए सौदेबाजी करने लगे। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने सिपाहियों को घेर लिया। बातचीत के दौरान एक

0 एक सिपाही जान बचाकर भाग गया
0 पंचायत में सिपाहियों से मंगवाई माफी
0 दो आरक्षक कर दिए गए सस्पेंड





सिपाही मौका पाकर भाग गया। ग्रामीणों ने आरक्षक संजय खांडे व सुदर्शन की जमकर पिटाई की। कुछ लोगों के द्वारा घटना का मोबाइल में वीडियो भी बना लिया था। इधर मौके से भागे आरक्षक ने थाने में सूचना दी। थाने में किसी ने भी उनका मदद करने से इनकार कर दिया। उसके बाद वह पेट्रोलिंग गाड़ी लेकर गया और दोनों सिपाहियों को छुड़ाकर ले आया। दूसरे दिन गांव में पंचायत की बैठक बुलाकर दोनों आरक्षकों से माफी मंगवाई गई। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने आरक्षक संजय खाण्डे, सुदर्शन मरकाम को सस्पेंड कर दिया है।

### तीसरा आरक्षक कैसे बच गया ?

इस पूरे मामले में तीन आरक्षकों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। दो आरक्षकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पीटा, जबकि तीसरा आरक्षक मौके से भाग गया था और उसने थाने में जानकारी भी दी थी, पिटने वाले सिपाहियों को बचाने में भी उसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसएसपी ने इस मामले में दो आरक्षकों को सस्पेंड भी कर दिया, परन्तु तीसरे आरक्षक का बाल बांका नहीं हुआ है। ऐसा कैसे और क्यों हुआ, इसका जवाब पुलिस अधिकारी नहीं दे पा रहे हैं।

### सीपत थाने में तीन आरक्षकों पर हुई थी कार्रवाई

पूर्व में सीपत थाने में पदस्थ आरक्षक सुभाष मरावी, प्रकाश जगत, मूरित बघेल बिना विवेचक के शराब बेचने के आरोप पर जांजी में एक युवक को पकड़ने चले गए थे। उक्त युवक छत से कूदकर भाग रहा था तो उसका पैर टूट गया था। एसएसपी श्री सिंह के द्वारा बिना विवेचक के आरोपी पकड़ने जाने घोर लापरवाही बरतने पर तीनों आरक्षक को एक साल वेतन वृद्धि रोकने की सजा से दंडित किया गया था।

B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25

### ब्राह्मण समाज का प्रदेश स्तरीय तीजा तिहार आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज का 31 अगस्त को प्रदेश स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन रॉयल ललित महल, अशोक नगर सरकाण्ड में सुबह 9 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। महिलाओ और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित होंगी। 500 से भी ज्यादा महिलाओ को सोहगली भोज करवाया जाएगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण किशोरी जु जागरण ग्रुप बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी संगीत एवं भजन का कार्यक्रम रहेगा। जिसमे भगवा-शिव पार्वती, दुर्गा माता एवं काली माता की झांकी प्रस्तुत की जाएगी।

**गड्डी लेकर भागा युवक**

## नोटों की गड्डी निकालकर एक हजार रुपए देना व्यापारी को पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नोटों की गड्डी निकालकर एक युवक को 1000 हजार रुपए देना व्यापारी को महंगा पड़ गया। युवक होशियारी से गाड़ी की डिक्की से नोटों की गड्डी चोरी कर रफूचक्कर हो गया। पुलिस युवक की तलाश में जुट गई है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, कोरबा उरगा सुखरीकला निवासी किराना व्यापारी महावीर साहू पिता स्व. टीकाराम 23 अगस्त को बाइक क्रमांक सीजी 11 एवी, 2136 से सामान खरीदने व्यापार विहार आ रहे थे। उन्होंने फोन कर व्यापार विहार में मजदूर बुलाने वाले सुंदरलाल धीवर को मिलने के लिए गुरूनानक चौक बुलाया। गाड़ी लोड कराने के लिए व्यापारी साहू ने बाइक की डिग्गी से 2.50 लाख रुपए की गड्डी निकालकर उसे एक हजार रुपए दिया। उसके बाद नोटों की गड्डी गाड़ी की डिक्की में रखकर उसे व्यापार विहार जाने के लिए बाइक में बैठने कहा।

इसी दौरान उक्त युवक होशियारी दिखाते हुए डिक्की से नोटों की गड्डी चोरी कर भाग निकला। जानकारी होने पर व्यापारी उक्त युवक को खोजते रहे। नहीं मिलने पर उन्होंने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई।

## चाकू से केक काटकर बर्थ-डे मनाया वीडियो वायरल, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सार्वजनिक स्थान पर चाकू से केक काटकर बर्थडे मनाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

28 अगस्त को सोशल मीडिया में डीपूपारा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर चाकू से केक काटकर बर्थडे मनाकर हंगामा मचाते वीडियो वायरल हो रहा था। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए डीपूपारा निवासी गजानंद ध्रुव पिता गंगाराम ध्रुव 24 साल, रोहित पाल पिता श्रवण पाल 18 साल, अंकुश यादव पिता स्वंबर यादव 18 साल व साहिल कौशल पिता स्व. नंदू कौशल 18 साल को पकड़ लिया। उनके पास से 3 चाकू, 1 चापड़ मिला है। सभी युवक अंकुश यादव का बर्थडे मना रहे थे। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत चारों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।




### शासन वापस ले 290 एकड़ भूमि

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरना शनिवार को जारी रहा इस दौरान समिति के सदस्यों ने कहा कि राज्य सरकार को बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के लिए 290 एकड़ जमीन जल्द से जल्द वापस ली जानी चाहिए। 2011-12 से ही एयरपोर्ट के चारों तरफ की 1012 एकड़ जमीन रक्षा मंत्रालय को ट्रेनिंग सेंटर और मिलिट्री स्टेशन बनाने के लिए दी गई थी। साल 2016 में रक्षा मंत्रालय ने यह प्रस्ताव रद्द कर दिया और 2019 में जमीन अनुपयोगी घोषित कर वापसी के लिए सहमति दे दी थी। जमीन की यह वापसी रक्षा मंत्रालय के द्वारा मांगे गए प्रति एकड़ दर के कारण लंबित है। सदस्यों ने कि साल 2023 में छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती सरकार ने 93 करोड़ रूपए 1012 एकड़ जमीन के बदले में खर्च किए गए, उसे रक्षा मंत्रालय को चेक के माध्यम से वापस किया गया। समिति ने कहा कि 93 करोड़ रूपए की राशि तुरंत दे दी जानी चाहिए। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने मांग की है कि साल 2023 से ही मंजूर 93 करोड रूपए में से 71 करोड़ रूपए तत्काल भुगतान कर 290 एकड़ जमीन वापस ली जानी चाहिए।



## खबर संक्षेप

### समर्थपुर धारा संघ का एक दिवसीय ध्यान एवं सत्संग आज





**बिलासपुर।** समर्थपुर धारा बिलासपुर संघ द्वारा 31 अगस्त को संस्कार भवन सरकंडा में एक दिवसीय ध्यान एवं सत्संग कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4.30 तक आयोजित किया गया है। समर्थ गुरु धारा ओशो की जीवंत धारा है, जिसे सद्गुरु सिद्धार्थ औलिया संचालित करते हैं। इस शिविर में विशेष रूप से वर्तमान समय में तनाव को दूर करने के लिए योग एवं ज्ञान की आवश्यकता पर विशेष ध्यान कराया जाएगा। जिसमें संजीवनी ध्यान, ब्रह्मानंद ध्यान, आनापानसती योग प्रमुख है। इन ध्यानों को राष्ट्रीय स्तर के आचार्य के द्वारा संपन्न करवाया जाएगा। वर्तमान परिपेक्ष में ध्यान मनुष्य की मूल आवश्यकता हो गई है। प्रत्येक व्यक्ति को ध्यान क्या है, इसे कैसे करते हैं? का ज्ञान आवश्यक है इस शिविर में यही बातें प्रयोग करके बताई और सिखाई जाएंगी।

### ब्रह्माकुमारी बहनों ने स्कूल में चलाया नशामुक्ति अभियान




**बिलासपुर।** हॉली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल लालखदान में आज ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रमुख सदस्य सुश्री लता दीदी एवं उमा दीदी तथा अन्य सदस्यों ने नशामुक्ति अभियान चलाया। कार्यक्रम उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं स्वागत गीत से हुई। ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनों ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता और सुख की प्राप्ति तभी संभव है जब हम नशामुक्त और अनुशासित जीवन जिएं। छात्रों के लिए प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए गए और उनसे प्रश्न–उत्तर का सत्र भी आयोजित किया गया। कई विद्यार्थियों ने इस दौरान नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने की शपथ ली। विद्यालय के प्राचार्य ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नशे से बचना ही नहीं बल्कि दूसरों को भी इसके नुकसान बताना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया दृष्टिहीनता नियंत्रण पखवाड़ा




**बिलासपुर।** राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नेत्रदान पखवाड़ा की शुरूआत जिले में की गई। इस दौरान सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने कहा कि नेत्रदान से जीवन को नयी रोशनी मिल रही है, भ्रांतियों को दूर कर लोग नेत्रदान के लिए सामने आ रहे हैं, इससे दूसरे व्यक्ति के अंधकारमय जीवन में रोशनी की सौगात आती है। जिले में 25 अगस्त से 8 सितम्बर के बीच पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग जनजागरूकता के माध्यम से लोगों के बीच नेत्रदान को लेकर अपील कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि हर साल लाखों लोग आँखों की रोशनी खो देते हैं, नेत्रदान की कमी होने के कारण ऐसे लोगों को इलाज नहीं मिल पाता है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों पर नेत्रदान के लिए पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

### झूलेलाल चालीहा महोत्सव की शोभायात्रा का सिंधी युवक समिति ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** झूलेलाल चालीहा की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज के अनुसार भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के समापन पर शोभायात्रा निकाली गई। इसका भव्य स्वागत नेहरू चौक, जिला सहकारी बैंक के पास समिति परिवार ने झूलेलाल की आरती कर सर्व समाज में भाईचारा की प्रार्थना की। आयोलाल झूलेलाल के गीतों पर नाच गाकर सिंधी डांडिया किया और शोभायात्रा में शामिल झूलेलाल की भव्य झांकियों और भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी। सभी को मिठाई बिस्कुट करहा कुंवर सेसा का वितरण किया गया। इस मौके पर संत जगदीश हरदयानी ने सिंधी युवक समिति परिवार का सम्मान किया। स्वागत करने वालों में सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज, संरक्षक कैलाश मलघानी, मनोहर खट्वानी, अध्यक्ष मनीष लाहोरानी, अमित संतवानी, मुकेश मूलचंदानी, मोहन मदवानी, ओमप्रकाश मनचंदा, विजय दुसेजा, सुनील आहूजा, राजेश गंगवानी, हीरानंद छुगानी, सिंधु विद्या मंदिर अध्यक्ष कैलाश श्यामनानी, संजय मतलानी, मनोज सरवानी, गोविंद बत्रा, किशन जेठानी, दीपक बेलानी,जय पोपटानी, रवि बजाज आदि उपस्थित थे।

### शिशु संरक्षण माह का विधायक अमर ने किया शुभारंभ

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ विधायक अमर अग्रवाल ने जिला अस्पताल में बच्चों को विटामिन ए सिरप पिलाकर किया। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में नगर विधायक श्री अग्रवाल ने अभिभावकों से कहा कि वे अपने छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए उन्हें विटामिन ए एवं आयरन सिरप अवश्य पिलाएं। महापौर पूजा विधानी, कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के अभिभावकों से अपील की वे अपने और अपने आसपास के 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को कुपोषण जनित बीमारियों से बचाने के लिए विटामिन ए तथा आयरन सिरप का घोल आवश्यक पिलाएं साथ ही टीकाकरण से छूटे बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं।

---

**एयू के कालेजों में 29 हजार सीटें रिक्त** | **14 अगस्त के बाद से प्रवेश पर थी रोक**

# अटल यूनिवर्सिटी में पांच सितंबर तक बढ़ाई गई कालेजों में प्रवेश तिथि

**बिलासपुर।** प्रदेश के यूनिवर्सिटी, कालेजों में प्रवेश की तिथ 5 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को इस आशय का निर्देश जारी कर दिया है। सीटें रिक्त रहने की स्थिति में एडमिशन दिया जा सकता है। इससे जो छात्र अभी तक किसी कारण से एडमिशन नहीं ले पाए थे उन्हें अवसर दिया गया है।

यूनिवर्सिटी, कालेजों में प्रवेश 14 अगस्त के बाद प्रवेश देना बंद कर दिया गया था और कई छात्र-छात्राएं जो अभी तक किन्हीं कारणों से प्रवेश नहीं ले पाएं थे वे एडमिशन पाने भटक रहे थे। छात्र संगठनों की ओर से भी प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने की मांग उठ रही है। वहीं अटल यूनिवर्सिटी की ओर से भी प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखा गया था। क्योंकि शासन के



प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत तहत 31 जुलाई तक प्रवेश दिया गया, उसके बाद कुलपति के अनुमति से कालेजों के प्राचार्यों द्वारा खाली सीटों पर 14 अगस्त तक प्रवेश दिया गया। दूसरी तरफ किन्हीं कारणों कारणों से प्रवेश से वंचित रह गए छात्र-छात्राएं यूनिवर्सिटी, कालेजों में प्रवेश लेने चक्कर लगा रहे थे। लेकिन 14 अगस्त के बाद से उच्च शिक्षा विभाग से प्रवेश तिथि बढ़ाए जाने के संबंध में कोई निर्देश नहीं आया था, इसलिए कालेजों द्वारा छात्र-छात्राओं को वापस लौटाया जा रहा था। छात्रहित को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को कालेजों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की तिथि 5 सितंबर तक बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया है।

### 29 हजार सीटें खाली

एयू से संबद्धता प्राप्त गवर्नमेंट व प्राईवेट मिलाकर 125 कालेज हैं। इन कालेजों में यूजी-पीजी मिलाकर 53 हजार 530 सीटें है। इनमें यूजी-पीजी मिलाकर 24 हजार 624 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया है। इस तरह से यूजी-पीजी दोनों ही पाठ्यक्रमों में 29 हजार 106 सीटें खाली रह गई हैं। इस तरह से 14 अगस्त तक 45 प्रतिशत ही एडमिशन हो पाया है जबकि 55 फीसदी सीटें खाली रह गई है। प्रवेश की तिथि बढ़ने से करीब सप्ताहभर का समय मिल रहा है, जिससे कालेजों में प्रवेश की संख्या में इजाफा होगा।

### दिया जा सकता है प्रवेश

शैक्षणिक संस्थानों में 14 अगस्त के बाद प्रवेश बंद हो गया था। छात्रहित में उच्च शिक्षा विभाग ने 5 सितंबर तक कालेजों में प्रवेश की तिथि बढ़ा दी है और अब रिक्त सीटों पर उक्त तिथि तक प्रवेश दिया जा सकता है।

**-प्रवीण पांडेय**
क्षेत्रीय अपर संचालक,
उच्च शिक्षा विभाग

### प्राइवेट परीक्षार्थी के लिए रजिस्ट्रेशन आज तक

इस सत्र में कालेजों में प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को 31 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन सह नामांकन कराना होगा। अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद इन प्राइवेट परीक्षार्थियों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत स्वाध्यायी नीति के तहत परीक्षा में शामिल किया जाएगा। अटल यूनिवसिटी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेकर परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए स्वाध्यायी नीति तहत सत्र 2025-26 के स्नातक पाठ्यक्रमों का रजिस्ट्रेशन, नामांकन के लिए आवेदन आनलाइन भराया जा रहा है। इसकी शुरुआत शनिवार से हो गई है और 31 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन, नामांकन आवेदन की अंतिम तिथि रखी गई है। स्नातक पाठ्यक्रमों में जो छात्र-छात्राएं रेगुलर रूप में कॉलेजों में एडमिशन नहीं ले पाते, उनके लिए अध्ययन पूरा करने या डिग्री प्राप्त करने के लिए प्राइवेट परीक्षा एक विकल्प होता है, इसलिए प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या भी काफी अधिक होती है। स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों ही पाठ्यक्रमों में प्राइवेट परीक्षार्थियों की संख्या लगभग रेगुलर छात्रों के आसपास ही रहती है।

---

**कोरोना काल में रेल प्रशासन ने बंद कर दिया था स्टापेज, अब जारी किया नोटिफिकेशन**

# 6 साल बाद छोटे स्टेशनों में रुकेंगी 52 ट्रेनें, यात्रियों की दूर होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 साल बाद छोटे स्टेशनों में 52 ट्रेनें रुकनी शुरू होंगी, रेलवे ने इन ट्रेनों के स्टापेज का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इससे अब यात्रियों को फिर से सफर करने की सुविधा सितम्बर से मिलनी शुरु हो जाएगी। कोरोना महामारी के बाद दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस का स्टापेज बेलगहना स्टेशन में बंद कर दिया था, अब एक बार फिर बेलगहना के लोगों को सारनाथ एक्सप्रेस की सुविधा मिलने लगेगी।

- **बेलगहना में 6 साल बाद रुकेगी सारनाथ एक्सप्रेस**

वर्ष 2019 में कोरोना महामारी के कारण रेल प्रशासन ने भी सारी यात्री ट्रेनों के पहियों को रोक दिया था। इसकी वजह से सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को होने लगी जो रेल प्रशासन के ट्रेन रोकने से पहले ही बाहर गए थे। ऐसे यात्रियों को वापस आने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ गया। यात्री ट्रेन नहीं चलने से लोग मालगाड़ी के खाली वैगन में बैठकर आने लगे थे। रेलवे ने यात्री ट्रेनों की शुरुआत श्रमिक स्पेशल और बाद में स्पेशल व फेस्टिवल स्पेशल बनाकर शुरु की, जिसमें रेलवे की बनाई गई गाइड लाइन के कारण यात्री सफर करने से बचते रहे। इसके बाद रेलवे ने जब ट्रेनों को नार्मल बनाकर शुरु किया तो छोटे स्टेशनों में स्टापेज देना बंद कर दिया। इसकी वजह से छोटे स्टेशनों के यात्रियों को काफी परेशानी होने लगी और वे सफर करने के लिए दूसरे संसाधन से बड़े स्टेशन तक आने लगे। इसमें उन्हें डबल खर्च होने लगा। बेलगहना के यात्रियों को सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करने के लिए उस्लापुर तक आना पड़ रहा था। 6 साल के बाद रेल प्रशासन ने एक बार फिर दुर्ग से छपरा के बीच चलने वाली अप-डाउन सारनाथ एक्सप्रेस में सफर करने की सुविधा बेलगहना वासियों को देने का आदेश जारी कर दिया है।




### जनता के लिए बड़ा तोहफाः तोखन



केन्द्रीय आवासन श्यमंत्री तोखन साहू के प्रयासों से कोरोना काल में रोकी गई 52 एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों को 6 साल के बाद छोटे स्टेशनों में स्टापेज देने का नोटिफिकेशन रेल मंत्रालय के आदेश पर जारी कर दिया है। श्री साहू का कहना है कि यह प्रदेश की जनता के लिए रेलवे की ओर से बड़ी तोहफा है। लंबे प्रयासों के बाद रेलवे बोर्ड से प्रदेश के छोटे-बड़े स्टेशनों पर 23 ट्रेनों का स्टापेज सुनिश्चित कराया गया है। हमारा लक्ष्य है कि हर क्षेत्र को बेहतर रेल सुविधा मिलने के साथ आर्थिक व सामाजिक विकास को नई गति मिले।

### यह ट्रेन हैं शामिल

- 18110/18109 अप-डाउन इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस का ब्रजराजनगर स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 20808/20807 अप-डाउन अमृतसर-विशाखापट्टनम-अमृतसर एक्सप्रेस बेलपहाड़ स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 12852/12851 अप-डाउन बिलासपुर-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस मूल मारोरा में 31 अगस्त और 2 सितम्बर से।
- 11752/11751 अप-डाउन चिरमिरी-रींवा एक्सप्रेस बैहाटोला स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 18204/18203 अप-डाउन दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस उमरिया रेलवे स्टेशन में 1 और 2 सितम्बर से।
- 18756/18755 अप-डाउन अंबिकापुर-शहडोल एक्सप्रेस अमलाई रेलवे स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 18204/18203 अप-डाउन कानपुर-दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेंस बीरसिंहपुर स्टेशन में 1 और 2 सितम्बर से।
- 15160/15159 अप-डाउन दुर्ग-छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस चंदिया रोड में 1 सितम्बर से।
- 18236/18235 अप-डाउन बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस बेलगहना रेलवे स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 18236/18235 अप-डाउन बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस करगीरोड रेलवे स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 15160/15159 अप-डाउन दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस बेलगहना स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 18478/18477 अप-डाउन पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस बेलगहना स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 18238/18237 अप-डाउन कोरबा, बिलासपुर-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस हथबंद स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 18236/18235 अप-डाउन बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस खोंगसरा स्टेशन में 1 सितम्बर से।
- 18258/18257 अप-डाउन बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस खोंगसरा और पेण्ड्रारोड स्टेशन में 1 सितम्बर से।

---

# कैंसर को हराने के लिए जागरूकता जरूरीः डॉ. रश्मि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सी.एम.दुबे महाविद्यालय परिसर में आज महिला स्वास्थ्य कैंप एवं कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अपोलो हॉस्पिटल्स एवं सी.एम. दुबे महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया।

- **सीएमडी कॉलेज परिसर में महिला स्वास्थ्य कैंप और कैंसर जागरूकता पर कार्यक्रम**

मुख्य वक्ता अपोलो हॉस्पिटल्स की डॉ. रश्मि शर्मा ने महिला स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, समय पर जांच की आवश्यकता तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की महत्ता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कैंसर को मौन में नहीं हराया जा सकता। इसके लिए समय समय पर जागरूकता और चिकित्सा परामर्श आवश्यक है। श्रद्धा दुबे ने कहा कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और समय-समय पर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श लें। प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। इस अवसर पर कैंसर जागरूकता के उद्देश्य से सेल्फ एग्जामिनर हैंडबुक का विमोचन किया गया। आज कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है समय पर पहचान और नियमित स्वास्थ्य जांच। विशेषज्ञों ने कहा कि यदि समाज एकजुट होकर यूनिफाइड टू नोटिफाई के भाव को अपनाए, तो कैंसर पर नियंत्रण और उससे होने वाली जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन सुमेला चैटर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अंजलि चतुर्वेदी, पूनम खन्ना, यशस्वी मिश्रा, पियाली दत्ता, नीलू कश्यप, अंकित शर्मा, गुलाब पाठक, संगीता ताम्रकार, सुमेला चटर्जी का योगदान रहा।

### महिला स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता : डा. दुबे

महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. संजय दुबे ने कहा कि महिला स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता आज के समय की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार की ओर से ऐसे सार्थक कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन करने संकल्प व्यक्त किया।

---

# कला उत्सव में बच्चों ने बिखेरे प्रतिभा के रंग, हुए सम्मानित



**बिलासपुर।** पीएमश्री, सेजेस, शाकउमावि सरकण्डा में जिला स्तरीय कला उत्सव 29 अगस्त को डीईओ विजय टाण्डे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। संस्था प्रमुख डॉ. गायत्री तिवारी ने किया। 12 विधाओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुती दी। प्रत्येक विधा में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर रायपुर में आयोजित कला उत्सव में भाग लेंगे। प्रथम आने वाले प्रतिभागियों में एंजीलो डेनिश, रचना एवं साथी, संदीप यादव, दीपांशु साहू एव साथी, नीतू साहू, आरती साहू एवं साथी, नीतू साहू एवं साथी, हर्षिता जायसवाल, अजय कुमार कैवर्त, नेहा शर्मा एवं प्रज्ञा राठौर, मोहनीश मरकाम एवं सृष्टि प्रजापति विजेता रहे। ये रहे निर्णायक- प्रतियोगिता के निर्णायक सचिन शर्मा, हरिश मगर, प्रवीण मोदक, बालगोविन्द अग्रवाल, युगल शर्मा, आनंद ताम्बे, अतुलकांत खरे, सीमा दुबे, ममता तिवारी, शिल्पी अग्रवाल, डॉ. अजीता मिश्रा रहे। प्रथम वाले प्रतियोगियों को डीईओ श्री टाण्डे ने प्रमाण-पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर रामेश्वर जायसवाल, अखिलेश मेहता, वर्षा शर्मा, मुकेश पाण्डेय, डॉ. प्रवीण मिश्रा एवं वंदना ताम्बे, सरिमता शर्मा एवं आभार प्रदर्शन सुश्री तृप्ति कोसरिया ने किया।

# एसईसीएल मुख्यालय के 7 कर्मियों को दी गई विदाई



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने वाले 7 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में 30 अगस्त को शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी।

अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी (संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मा/सं ) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) रमेश चंद्र महापात्रा, सीवीओ हिमांशु जैन मौजूद थे। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में विनय कुमार सूद महाप्रबंधक (सिविल), डा. प्रतिभा पाठक, बसंत कुमार कुर्रे महाप्रबंधक (उत्खनन), कृष्ण कान्त मुखर्जी महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), सुलभ सिंह बघेल वरिष्ठ प्रबंधक-वि.याँ. नगर प्रशासन विभाग, विकास चन्द्र दास लेखापाल ए –1 वित्त विभाग, विलास उपासने सहायक फोरमेन परिवहन विभाग को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। उद्घोषणा का दायित्व उप प्रबंधक (राजभाषा) सविता निर्मलकर ने निभाया। अफसरों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की स्वास्थ्य एवं लंबी आयु की कामना की।

---

# एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में 30 अगस्त को जीवन रक्षक सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईएससीसीएम एवं आईआरसीएफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय समुदाय को आपात स्थिति में जीवन बचाने के कौशल से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सिद्धार्थ वर्मा और डॉ बलदेव नेताम तथा प्रकाश माहेश्वरी को लघु पौध देकर किया गया। डॉ . सिद्धार्थ ने कहा कि सीपीआर एक आपातकालीन तकनीक है। जिसमें छाती पर दबाव और कृत्रिम श्वसन देकर मरीज के हृदय और फेफड़ों को दोबारा सक्रिय करने का प्रयास किया जाता है।

उन्होंने बताया कि सीपीआर तब देना चाहिए जब. व्यक्ति बेहोश हो और प्रतिक्रिया न दे तथा उसकी सांस बंद हो गई हो या बहुत धीमी या फिर नाड़ी महसूस न हो। उन्होंने कहा कि सबसे पहले सुरक्षा की जांच कर लेनी चाहिए और यह सुनिश्चित कर लें कि मरीज और आप सुरक्षित हैं। उसके पश्चात चेतना जाँच करते हुए – मरीज को हल्के से हिलाकर आवाज दें। यदि मरीज कोई प्रतिक्रिया न दे,तो श्वसन कि जाँच करें और देखें कि मुंह और नाक से सांस चल रही है या नहीं । यदि परिणाम समस्या जनक दिखे तो तुरंत आपात सहायता बुलाएँ और एम्बुलेंस या चिकित्सा सहायता के लिए फोन करें।

विशेषज्ञों ने सीपीआर तकनीक का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर, विद्यार्थियों और शिक्षको को जीवन रक्षक उपायों का अभ्यास कराया। अंत में अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमेन डॉ अजय श्रीवास्तव, निदेशक एस के जनास्वामी,प्राचार्या जी आर मधुलिका एवं शिक्षकगण उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन गूंज सिंह पटेल और वैशाली साहू ने किया।

---

**सीवीआरयू में नव आगंतुक विद्यार्थियों का 8 सितंबर तक दीक्षा आरंभ**

# जीवन में विवेकपूर्ण समय प्रबंधन करें विद्यार्थीः कुलपति




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में विधि के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षा आरंभ समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशित विद्यार्थी विश्वविद्यालय से रूबरू हुए और प्राध्यापकों से मुलाकात की ।

कुलपति, कुल सचिव, समकुलपति एवं विभाग अध्यक्षों ने उनका स्वागत किया। नव प्रवेशी विद्यार्थी पहले दिन उत्साह से लबरेज नजर आए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि आज के समय में सबसे महत्वपूर्ण समय है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में समय का विवेक पूर्ण प्रबंधन करना सीखना होगा । तभी आप जीवन में सफलता की बड़ी ऊंचाई तय करेंगे। उन्होंने कहा की जीवन में अब तक जितने भी महापुरुष सफल हुए हैं, उनके जीवन में समय का बड़ा महत्व रहा है। उनसे प्रेरणा लेकर हमें जीवन में समय का प्रबंध करना होगा। उन्होंने विधि से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से जुड़ी अनेक प्रेरणादायक पहलुओं को साझा किया।

### आपका हर सपना हमारा सपना : कुलसचिव

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में स्थापित की गई समस्त सुविधाएं सिर्फ आपके लिए है। आप इनका उपयोग करके अपने जीवन को दिशा दीजिए। आपका हर सपना हमारा सपना है। आपके सपने को साकार करने के लिए विश्वविद्यालय हमेशा आपके साथ है। कुल सचिव ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां को भी नव आगंतुक विद्यार्थियों से साझा किया। विश्वविद्यालय की डीन अकैडमी डॉ जयति चटर्जी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन संघर्ष का जीवन होता है, लेकिन संघर्ष के साथ हमें अपने जीवन में खुशियों को भी तलाश ना होगा। क्योंकि जब हम खुश रहते हैं तभी सकारात्मक दिशा में सार्थक प्रयास करते हैं। अपने जीवन में कभी भी नकारात्मक भाव नहीं आने दें। मोटिवेशनल स्पीकर जीएस होरा ने विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र भी बताएं । इनकी रही उपसस्थिति- कार्यक्रम में विधि संकाय के संकाय अध्यक्ष डॉ आर पी चौधरी, डॉ विजय यादव, डॉ ब्रम्हेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
बिलासपुर, रविवार 31 अगस्त 2025
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## जगह-जगह विराजे मंगलमूर्ति



वाइब्रेड एकेडेमी में विराजे गणपति



अशोकनगर में विराजे



सिद्दी विनायक गणेश डिपूपारा



भारतीय नगर का राजा



बाल गणेश फजलबाड़ा



विकास नगर तिफरा



अष्टमुखी गणेशोत्सव तोरवा।




विश्वकर्मा चौक चिंगराजपारा



स्मृद्धि, शुभांगी गणेश



करबला में विराजे एकदंत



पीताम्बर गणेश



संकल्प गणेशोत्सव समिति



एकता गणेश शिवशक्ति



### हरिभूमि की रंगोली, मेहंदी व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

# हरिभूमि से मिलता है प्रतिभा प्रदर्शन का प्लेटफार्म

गौरव पथ स्थित हरिभूमि कार्यालय में शनिवार को हरिभूमि द्वारा व्यापार व उद्योग मेले में आयोजित रंगोली, मेहंदी एवं विश्व महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का शहर के विशिष्ट लोगों की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि हरिभूमि के विविध आयोजनों से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का प्लेटफार्म मिल जाता है।

**बिलासपुर।** कार्यक्रम के आरंभ में हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने हरिभूमि द्वारा साल भर कराई जाने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के किसी भी आयोजन में प्रतिभागियों का दोगुना उत्साह देखने को मिलता है। वे बड़ी शालीनता व अनुशासन में आकर अपना पुरस्कार प्राप्त करते हैं। यह हरिभूमि परिवार के लिए बहुत सुखद क्षण होता है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि आगे भी सभी प्रतिभागी इसी तरह हरिभूमि के आयोजनों में भाग लेकर उत्साहवर्धन करते रहेंगे। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषि, राजेश सानन, भुवन देवांगन, डेजी नाथ, अंजना शर्मा, रेखा साहू, नाजिया खान, शेख असलम सहित हरिभूमि परिवार के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे ।

## प्रतिभागी अपनी प्रतिभा लाना चाहते हैं सामने



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि हरिभूमि वर्षों से तरह तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इसमें भाग लेने वाली प्रतिभागी महिलाएं काफी उत्साहित व प्रोत्साहित हो रही हैं। इस बात का अंदाजा हर साल महिलाओं, युवतियों की बढ़ रही संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर मिलता है।

## हर आयु वर्ग को मिल रहा भाग लेने का अवसर



विशिष्ट अतिथि बीएनआई ग्रुप के किरण पाल सिंह चावला ने कहा कि हरिभूमि द्वारा आयोजित रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता से हर आयु वर्ग को भाग लेने का अवसर मिल रहा है। अलग-अलग वर्षों में प्रत्येक प्रतिभागी विजेता भी बन रहे हैं। वहीं हरिभूमि के इन आयोजनों से भारतीय संस्कृति जीवंत बन रही है। इसके लिए हरिभूमि परिवार के लोग साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि हरिभूमि के आयोजनों को लेकर शहर के पैरेंट्स भी जागरूक हैं। वे अपने बच्चों को इन स्पर्धाओं में भाग लेने निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं। पैरेंट्स की इसी जागरूकता का परिणाम है कि प्रतिभागियों की संख्या हर साल बढ़ रही है।

## महिलाएं, बच्चे हो रहे प्रोत्साहित



विशिष्ट अतिथि एरिना मल्टीमीडिया के संचालक संदीप गुप्ता ने कहा कि ऐसे विविध तरह का आयोजन कर हरिभूमि पाठकों को जोड़ने का काम कर रहा है। साल में होने वाली रंगोली, मेहंदी, स्वस्थ शिशु व सामान्य ज्ञान स्पर्धा से महिलाएं, बच्चे प्रोत्साहित हो रहे हैं। इन स्पर्धाओं में भाग लेने वे निरंतर आगे आ रहे हैं। यह हरिभूमि की इन आयोजनों की सफलता को दर्शाता है।



## सोने की अंगूठी पाकर खिला चेहरा

महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही आसमां सिटी निवासी भारती दुबे का चेहरा सोने की अंगूठी पाकर खिल उठा। उन्होंने कहा कि वे हरिभूमि की नियमित पाठक हैं। उन्हें हरिभूमि लाइव, सहेली पत्रिका पढ़ना पसंद है।

### नारी शक्ति पर उकेरी रंगोली

रंगोली 26 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान व मेहंदी में द्वितीय स्थान पर रहीं अज्ञेय नगर निवासी नंदिनी जांगड़े ने नारी शक्ति पर रंगोली एवं ब्राइडल मेहंदी बनाई थी। नंदिनी ने कहा कि उनकी कला को हरिभूमि की ओर से मिल रहे रिस्पांस से उत्साह दोगुना हुआ है।

### गणपति बप्पा ने बरसाई कृपा

रंगोली 26 से अधिक आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त विजेता जोरा पारा सरकण्डा की ज्योति शर्मा ने रंगोली में गणपति बप्पा की आकृति बनाई। उनका मानना है कि गणपति बप्पा ने ही उन्हें यह पुरस्कार दिलाया है। ज्योति इसके पहले प्रथम पुरस्कार विजेता भी रह चुकी हैं।

### हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा

रंगोली 5 से 15 वर्ष में तृतीय स्थान पर रहीं चिंगराज पारा की साक्षी देवांगन का हरिभूमि का हर आयोजन पसंदीदा है। उन्होंने रंगोली में माखन खाते कान्हा का चित्र बनाया था, जिसे काफी पसंद किया गया था।

### गौ सेवा की थीम पर बनाई मेहंदी

मेहंदी 26 वर्ष आयु वर्ग से अधिक में प्रथम पुरस्कार विजेता चिंहराज पारा की दामिनी कश्यप को हरिभूमि के इन आयोजनों में निरंतर इनाम मिल रहा है। वे विगत तीन साल से पहला इनाम प्राप्त कर रही हैं। इस बार उन्होंने मेहंदी में गौ सेवा की थीम पर द्वारिकाधीश की आकृति बनाई।

### पहले अवसर में मिला इनाम

मेहंदी में विशेष पुरस्कार विजेता भूमिका यादव तालापारा को पहले अवसर में ही पुरस्कार मिल गया। इससे वह काफी खुश दिखीं। इन्होंने मेहंदी में अरेबिक मेहंदी डिजाइन किया था। वे कहती है कि हरिभूमि के आयोजन से उसे काफी प्रेरणा मिली है।

### महिलाओं के लिए है उपयोगी

सामान्य ज्ञान स्पर्धा में विशेष पुरस्कार विजेता वर्षा मोहंती हेमूनगर ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता को महिलाओं के लिए उपयोगी बताया और कहा कि हरिभूमि की सहेली पत्रिका उन्हें अच्छी लगती है। इसमें हर पर्व, त्योहार का अलग-अलग जिक्र रहता है।

### मिल चुके हैं कई इनाम

रंगोली 16 से 25 वर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त ज्योति महिलांगे सालों से हरिभूमि के आयोजनों में भाग ले रही हैं। वे बताती हैं कि हर साल उन्हें कुछ न कुछ पुरस्कार अवश्य मिलता है। इसके पहले उन्हें पहला पुरस्कार भी मिला था। इससे वे स्वयं प्रोत्साहित तो होती ही हैं।

### मिल रही निपुणता

मेहंदी 16 से 25 वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त विजेता सिरगिट्टी की शिखा यादव बचपन से मेहंदी लगा रही हैं। हरिभूमि के आयोजन में उन्होंने दुल्हन मेहंदी लगाई थी, जिसे निर्णायकों ने पसंद किया और उन्हें स्थान मिल गया। निरंतर भाग लेने से भी कला में निपुणता आती है।

### दर्शाई देवी के प्रति आस्था

रंगोली में विशेष पुरस्कार विजेता बंधवापारा निवासी कुमुद सोनी ने बताया कि उन्होंने। रंगोली में मां काली का रूप बना कर देवी के प्रति अपनी आस्था को दर्शाया था और आज वे विजेता के रूप में ईनाम ले रही हैं। यह उनके लिए बहुत ही खुशी का पल है।





























**ये रहे विजेता :** हरिभूमि द्वारा महिला दिवस पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार भारती दुबे आसमा सिटी सोने की अंगूठी, द्वितीय गुलापा बाई नेहरूनगर बालको मिक्सर ग्राइंडर, तृतीय आशा दुबे 27 खोली बिलासपुर डिनर सेट, चतुर्थ नीतू रानी डिपूपारा तारबाहर इलेक्ट्रॉनिक आयरन, विशेष पुरस्कार मनोरमा कौशिक यदुनंदन नगर तिफरा, वर्षा मोहंती हेमूनगर, नीतू कुमारी चरचा कालरी कोरिया, योगिता जबड़ापारा, प्रियंका पाण्डेय बंगालीपारा, रंगोली प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार मीनाक्षी साहू चिंगराजपारा, द्वितीय रीतिका साहू चिंगराजपारा, तृतीय साक्षी देवांगन चिंगराजपारा, विशेष पुरस्कार कुमुद सोनी बंधवापारा, चंचल सोनी अशोक विहार, वैष्णवी गुप्ता बंधवापारा, मंजरी सिंग ठाकुर राजकिशोर नगर, वसुंधरा सिंग अशोक नगर, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार लक्षिता यादव कोनी, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार नंदिनी जांगड़े, द्वितीय ज्योति शर्मा जोरापारा सरकंडा, तृतीय पुरस्कार अल्का देवांगन, मेहंदी प्रतियोगिता 5 से 15 वर्ष में प्रथम पुरस्कार सरगम कश्यप सरकंडा, द्वितीय नुपुर विश्वकर्मा चिंगराजपारा, तृतीय प्रिंसी ठाकुर बहतराई, विशेष पुरस्कार अंजुम प्रवीण मगरपारा, प्रियांशी सोनी अशोकनगर, शारदा परिहार सरकंडा, अनुप्रिया कुमारी मंगला, सौम्या साहू मंगला, सोनम कुशवाहा अमेरी, प्रतिभा साहू चिंगराजपारा, आरूषि गढ़ेवाल राजीव गांधी चौक, 16 से 25 वर्ष में प्रथम पुरस्कार विरासिनी ताम्रकार रतनपुर, द्वितीय ज्योति महिलांगे महाराणा प्रताप चौक, तृतीय शिखा यादव सिरगिट्टी, विशेष पुरस्कार श्रद्धा बिंझवार भरनी, श्रुति चौहान कतियापारा, पूर्णिमा राजपूत उसलापुर, प्रियांशी साहू चिंगराजपारा, प्रियांशी नामदेव लिंगियाडीह, आयुषि देवांगन राजकिशोर नगर, भूमिका यादव तालापारा, 26 वर्ष से ऊपर में प्रथम पुरस्कार दामिनी कश्यप चिंगराजपारा, द्वितीय नंदिनी जांगड़े अज्ञेयनगर, तृतीय पुरस्कार ज्योति यादव तालापारा को प्राप्त हुआ।















## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 130 मरीजों का इलाज



**बेलतरा।** सर्वेश्वरी समूह शाखा सेंदरी में 28 अगस्त को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बेलतरा से तीन डॉक्टर्स ने सहयोग प्रदान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा की ओर से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड, शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच, निशुल्क दवा वितरण सहित मरीजों को अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 130 पेशेंट का इलाज हुआ, वहीं 16 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शूभा गढ़ेवाल, डॉ रक्षित जोगी, डॉ शरद गढ़ेवाल, डॉ श्याम सोनी, डॉ नेहा पाहवा, डॉ गीतेंद्र साहू नेत्र सहायक, सुपरवाइजर, आरएमए, एनएमए, आरएचओ, एलएचवी, वार्ड बॉय एवं भृत्य आदि मौजूद रहे।

### हत्या के प्रयास के आरोपी को 7 साल का कारावास

**पेंड्रा।** जिले के नेवरी नवापारा में 26 जून 2024 को हुए जानलेवा हमले के मामले में अदालत ने आरोपी नरेंद्र राठौर को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला द्वितीय एडीजे एकता अग्रवाल की अदालत ने सुनाया।

## निधन

### गौरव विश्वकर्मा



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर तिफरा निवासी गौरव विश्वकर्मा गोलू का निधन हो गया। समाजसेवी देवीप्रसाद के पुत्र व शैलेंद्र विश्वकर्मा के भाई गौरव विश्वकर्मा गोलू, का निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार 30 अगस्त को यदुनंदन नगर मुक्तिधाम में किया गया।

### मजनी देवी देवानी



**बिलासपुर।** आसनदास गली निवासी मजनी देवी देवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 अगस्त को शाम 4 बजे निज निवास से झूलेलाल मुक्तिधाम सिन्धी कॉलोनी के लिए जाएगी। वे स्वः कन्हैयालाल देवानी की पत्नी एवं मोती व हरीश देवानी की माता थीं।

### जगदीश तिवारी



**तखतपुर।** राजपुर निवासी जगदीश तिवारी का 75 वर्ष की आयु में 30 अगस्त को निधन हो गया। वे अशोक तिवारी, विनोद तिवारी, राजा तिवारी के बड़े भाई एवं रूपल तिवारी के पिता तथा जित्तू तिवारी के बड़े पिताजी थे। इनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 31 अगस्त को सुबह 10 बजे किया जाएगा।

### पुष्पा देवी नौबतका



**बिल्हा।** स्वर्गीय चंद्रभान नौबतका की धर्मपत्नी पुष्पा देवी नौबतका का 77 वर्ष की उम्र में 30 अगस्त को को स्वर्गवास हो गया। इनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 10 बजे निज निवास अग्रसेन भवन के सामने से बिल्हा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मोहन नौबतका एवं सुनील नौबतका के माता थीं।

### अजय दुबे



**सकरी।** ग्राम हांफा निवासी अजय दुबे का 57 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल दुबे के पुत्र, विजय, धनंजय के भाई एवं सृजन, श्रेयांस दुबे के पिता थे।

### राही विश्वकर्मा



**सकरी।** ग्राम हांफा निवासी राही विश्वकर्मा का 60 वर्ष की आयु में शनिवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे भोलाशंकर विश्वकर्मा की मां थी।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई विविध प्रतियोगिताएं

# जीत-हार दोनों को समान भाव से अपनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। विद्यालय में छात्रों के लिए कोन रेस, कप रेस, लेमन रेस, सेक रेस तथा अंतर्सदनीय खेलों में रस्साकस्सी, खो-खो, क्रिकेट जैसे विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। साथ ही साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के लिए भी क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन पाण्डेय ने कहा कि, यह दिन महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उन्होंने अपने खेल-कौशल से भारत का नाम पूरी दुनिया में ऊंचा किया, और हमें यह सिखाया कि अनुशासन, परिश्रम और लगन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। खेल केवल मनोरंजन का साधन ही नहीं, बल्कि जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये हमें स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी बनाते हैं। खेल भावना हमें जीत और हार दोनों को समान भाव से स्वीकार करना सिखाती है। यही गुण हमें अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनाते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि, आप सभी से मेरा आग्रह है कि, पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी जीवन में स्थान दें। प्रतिदिन थोड़ा समय खेल-कूद के लिए अवश्य निकालें। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।



### सेमरसल में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता

**जरहागांव।** एसपी भोजराम पटेल के द्वारा चलाए जा रहे 'पहल' अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन कर मनोरंजक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को समाज में बढ़ती कुरीतियों एवं अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में सेमरसल हायर सेकेंडरी स्कूल में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को कहानी एवं अपने स्कूली जीवनचर्या की बातें साझा की। उन्होंने अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासित टाइम टेबल बनाकर पूर्ण शिक्षा के लिए कड़ी मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से पढ़ाई करने को प्रेरित किया। टीआई नंदलाल पैकरा के नेतृत्व में पुलिस कर्मी शत्रुघ्न खुंटे, बबीता श्रीवास एवं पुलिस बाल मित्र रोशना डेविड, उड़ान जीएसएसी महासमुंद टीम के द्वारा ग्राम सेमरसल विद्यालय में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पहल टीम ने साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध, यातायात नियम एवं कानूनों की महत्पूर्ण जानकारियां दी। एसपी भोजराम पटेल एवं एसडीओपी सालिकराम धृतलहरे द्वारा खेलकूद, ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली, मेहंदी एवं स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।



# डिवाइन ग्रुप ने किया वृहद पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

गायत्री मिशन की युवा शाखा डिवाइन ग्रुप ने 30 अगस्त शनिवार को शांतिकुंज हरिद्वार के वृक्ष गंगा अभियान के तहत एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरखोर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में वृहद पौधरोपण किया।

इस दौरान विभिन्न फलदार पौधे लगाए गए, जिसमें आम, आंवला, अमरुद, कटहल, सीताफल, नींबू, छायादार अशोक सहित गिलोय, सतावर, अडूसा, नीम, वच, चिरायता, तुलसी, घृतकुमारी जैसे औषधीय पौधे रोपे गए। पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने और उसके संरक्षण के उद्देश्य से जागरूकता अभियान के तहत जिला संयोजक कंचन सिंह के नेतृत्व में पौधरोपण रोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर गायत्री परिवार जिला संगठन के कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि, पर्यावरण को संवारने का कार्य जीवन को संवारने जैसा है। यदि मनुष्य को पल भर शुद्ध ऑक्सीजन ना मिले तो उसका जीवन संकट में पड़ जाए इस प्रकृति ने हमें वह उपहार दिए हैं, जो जीवन के लिए वरदान है। आज आवश्यकता है कि पौधारोपण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया किया जाए, और स्वस्थ समाज, स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत व शक्तिशाली भारत के निर्माण में हम सभी योगदान दें। इस दौरान संगठन के सदस्यों सहित शिक्षकों व बच्चों ने उत्साह पूर्वक पौधरोपण किया।

इस अवसर पर जिला संयोजक कंचन सिंह, प्रांत सहसंयोजक ओम प्रकाश बलभद्रे, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, ब्लॉक समन्वयक गोलवती उइके, दिया संगठन संरक्षक मथुरा सोनी, पेंड्रा ब्लॉक संयोजक अंजलि पटेल, संरक्षक नत्थू प्रसाद गुप्ता, अभिषेक श्रीवास, प्रधान पाठक सरखोर जयकुमार त्रिपाठी, सैनिक राजेश सिंह आर्मो, सरपंच जुगन सिंह नेटी, शिक्षक पवन कुमार साहू, शिवकुमार पैकरा, संजय कुमार गुप्ता, नारायण सिंह मार्को, शिक्षिका शगुफ्ता यास्मीन आदि ने मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधे रोपे एवं बच्चों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया ।

### गौ सेवा संकल्प अभियान- अब तक 28 गांवों में लगी चौपाल

**मुंगेली।** गायों के प्रति सेवा संरक्षण और सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय के मार्गदर्शन में जिले में 'गौ सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेसहारा एवं सड़कों पर छोड़े गए मवेशियों के बेहतर प्रबंधन, सेवा और संरक्षण को सुदृढ़ करना है। अभियान के तहत ग्रामीण एवं आमजनों को जागरूक करने के लिए जिले के विभिन्न गांवों में गौ चौपाल का भी आयोजन किया जा रहा है। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ त्रिपाठी ने बताया कि, अब तक जिले के 28 गांवों में गौ चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुंगेली के 13, लोरमी के 6 और पथरिया के 9 गांव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि, इन चौपालों में 900 से अधिक ग्रामीण उपस्थित हुए और गौ सेवा के प्रति प्रोत्साहित होकर 460 से अधिक ग्रामीणों ने गौ सेवा मित्र के रूप में अपना पंजीयन कराया। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि, अब तक 1 हजार 360 से अधिक घुमंतू मवेशियों की पहचान की गई है। 91 मवेशियों की पहचान कर उनके मालिकों को सौंपा गया। गौ सेवा संकल्प से प्रेरित होकर 41 व्यक्तियों ने गायों को गोद लिया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन लगातार ग्रामीण एवं आमजनों को गायों के प्रति सेवा, संरक्षण एवं सहयोग के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक कर रहा है, ताकि पशुओं को उचित आश्रय एवं संरक्षण मिल सके और सड़कों पर दुर्घटना के कारण पशु एवं जनहानि को रोक जा सके।

# मसीही, मुस्लिम व सर्व हिन्दू समाज की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मसीही समाज क्रिश्चियन वेलफेयर सोसायटी तखतपुर, मुसलमान समाज एवं सर्व हिन्दू समाज के मध्य बैठक हुई।

मिली जानकारी के अनुसार समस्त मसीही समाज को बताया गया कि, तखतपुर नगरपालिका स्थित सीएनआई चर्च शरन नगर, डिसाईपल्स चर्च बंगलापारा एवं डिसाईपल्स चर्च मिशन कंपाउंड तीनों चर्च की सम्मिलित बैठक गौमांस प्रकरण को लेकर बुलाई गई थी। साथ ही वर्तमान परिस्थितियों ने रजिस्टर्ड चर्च या पंजीकृत संस्था, जो छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा पंजीकृत हो उनके अलावा किसी अन्य व्यक्ति या गैर पंजीकृत संस्था की ओर से तखतपुर नगर पालिका में किसी भी स्थान जैसे घर या टिन शेड आदि में प्रार्थना सभा या हाउस प्रेयर मिटिंग पर चर्चा की गई। इस दौरान गौमांस प्रकरण में निर्णय लिया गया कि, जो भी व्यक्ति इस प्रकरण में शामिल है, उन्हे चर्च की सदस्यता से तत्काल निलंबित किया जाएगा और तखतपुर स्थित किसी भी चर्च में दोबारा सदस्यता नहीं दी जाएगी। संजय खेस और शाऊल दोनों आरोपी तखतपुर के किसी भी चर्च के सदस्य नहीं हैं, चूंकि दोनों पूर्व से ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं, इसलिए मुस्लिम एवं मसीही समाज उनके कृत्य की कड़ी निंदा करता है। साथ ही उन दोनों आरोपितों की जिला बदर की कार्रवाई करने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक और थाना तखतपुर में आवेदन देना तय किया गया है। बैठक में विवेक पाण्डेय, धनंयज सिंह, हनी पाण्डेय, आतमजीत सिंह मक्कड़, कृष्ण कुमार साहू, विकास पाण्डेय, संकेत सामुएल, मुकीम अंसारी, नर्मदा धुरी, आयुष सिंह ठाकुर, कोमल सिंह ठाकुर, सामुएल दास, अनिल सिंह ठाकुर, नित्यार्थना राय, अय्युब अंसारी, कादिर खान, सनत मसीह, रोहन सिंह, दुर्गा ठाकुर, जुगलकिशोर पाण्डेय, आवेश जान, अभिषेक पाण्डेय, चंद्रप्रकाश देवांगन, ओंकार सोनी, सुनील जांगड़े, रमन हूरा, राज साहू, अंकित अग्रवाल, प्रमोद ठाकुर, नैन लाल साहू, जितेंद्र राज, मुकेश ताम्रकार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ग्रामवासियों के सहयोग से हो रहा अखंड कीर्तन



**दगोरी।** गांधी चौक दगोरी में श्री अखंड कीर्तन का आयोजन बड़े ही उत्साह व श्रद्धा भक्ति भाव से किया जा रहा है। आदर्श मोहल्ला गांधी चौक तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कीर्तन में ग्राम की सभी मोहल्ला कीर्तन मंडलियां भाग लेकर परमात्मा के नाम का सुमिरन कर रही हैं।

आचार्य पं राजा चौबे ने घट स्थापना आरती पूजन गौरी गणपति के साथ श्री कीर्तन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रमुख आयोजन कर्ताओं में ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, श्याम सुंदर सन्नाट, राधेश्याम कौशिक, राजकुमार कौशिक, दीपक सन्नाट, लालाराम कौशिक, हेमचंद्र सन्नाट गुरुजी, दीपक, बालाराम कौशिक, रामेश्वर सन्नाट के साथ ही संजय कौशिक, रामकुमार, पुन्निराम कौशिक, गजेंद्र कौशिक, समाज सेवी दशरथ सन्नाट, करण, संजय कौशिक, राधेलाल सहित जनपद पंचायत सभापति राजकुमार साहू, श्रवण कौशिक, भोला कौशिक, लोकेंद्र कौशिक, बिरेंद्र कौशिक मनोज सन्नाट, गजेंद्र कौशिक, हरिराम कौशिक, दिलीप कौशिक, शीतला देवी सन्नाट, रूखमणी कौशिक, राजकुमारी, दिशु सन्नाट, दिनेश कौशिक सहित बड़ी संख्या में भजन कीर्तन मंडली व ग्रामवासी महिलाएं उपस्थित थे।

# एसएस कॉलेज में इंटैक की विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




**गौरेला।** भारतीय संस्कृति निधि इंटैक के विरासत, शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग नई दिल्ली एवं जीपीएम अध्याय द्वारा शालेय छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन 23 अगस्त को एसएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन सारबहरा में किया गया।

अध्याय के संयोजक शाहिद जमा खान ने बताया कि, भारतीय सांस्कृतिक निधि इंटैक प्राकृतिक, सांस्कृतिक, जीवित, मूर्त एवं अमूर्त विरासत के प्रति जागरूकता रख-रखाव और उसे सुरक्षित रखने की दिशा में कार्य करती है। यह प्रतियोगिता भारत के इतिहास, विरासत एवं संस्कृति पर आधारित है, तथा इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में अपने देश के प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य के संयोजक अरविंद मिश्रा ने की। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 10-10 विद्यार्थियों को भाग लेने का मौका मिला। प्रतियोगिता के नियम व शर्तों के बारे में सहसंयोजक नवीन जेम्स ने बताते हुए कहा कि, प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 7वीं से लेकर 10वीं तक के 10 छात्र प्रतियोगिता में शामिल हुए। टीम आधारित इस प्रतियोगिता में भारत देश की विरासत एवं संस्कृति से संबंधित 20 प्रश्नों के उत्तर लिए गए, जिसमे राष्ट्रीय स्तर के 12, छत्तीसगढ़ राज्य स्तर के 5 एवं इंटैक संबंधित 3 प्रश्न शामिल थे। लिखित प्रश्नोत्तरी में 4 टीमें उच्चतम अंकों के आधार पर विजय हुईं। साथ ही इन चारों टीमों के प्रतिभागियों से मौखिक प्रश्नोत्तर लिए गए, जिसमे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम सेमरा के छात्र कॉसतुभ शुक्ला एवं खुशनुमा की टीम प्रथम स्थान पर रही। दूसरे स्थान पर अमिता शिक्षा निकेतन की जूबिया परवीन एवं अर्पिता कुशवाहा की टीम रही। कार्यक्रम के अंत में प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि ने विजेता टीम को प्रमाण पत्र एवं छत्तीसगढ़ स्टेट लेवल की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आमांत्रित किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए एसएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ अब्दुल सत्तार एवं स्टाफ का योगदान रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शरद अग्रवाल, ऑक्सफोर्ड स्कूल से विकास त्यागी, सेंट मैरी स्कूल से मिस वेंडी विलियम, जिराड विलियम, अमित्ता, शिक्षा निकेतन से पार्थो चट्टउपाध्याय, भारत माता स्कूल से अंकेश, डीएवी सारबहरा से कमलनयन मिश्रा, वर्षा, आत्मानंद स्कूल सेमर से कल्याणी दुबे, रचना त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# बैठक में शामिल हुए अम्बेडकर शिक्षण संस्थान के पदाधिकारी



**मुंगेली।** गिरौदपुरी धाम विकास के संबंध में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सामाजिक बैठक में मुंगेली से डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में उपस्थित विभिन्न जिलों के वरिष्ठ सामाजिकजनों ने गिरौदपुरी विकास के संबंध में अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार रखा।

संस्थान एवं टीम की ओर से अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने अपना विचार एवं सुझाव रखा। रात्रि विश्राम पश्चात दूसरे दिन सुबह 8 बजे मुख्य मंदिर में गुरुबाबा घासीदास जी के चरण वंदन कर परिसर में ध्यान योग किया गया। इसके बाद संस्थान के प्रबंध समिति की बैठक भी आयोजित की गई। धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब एवं गुरु सौरभ साहेब के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पूर्व निर्धारित योजना अनुसार 11 बजे सामूहिक रूप से भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मुख्य स्थलों में गुरु वंदना एवं आरती सुखचंद भास्कर ने की। भ्रमण में मुख्य प्रवेश द्वार से गुरुगद्दी, चरण कुण्ड, अमृत कुण्ड, जोक नदी, महराजी, छाता पहाड़, पच कुण्डी आदि का दर्शन कर लोग वापस विश्राम गृह पहुंचे। बैठक के दौरान उपस्थित समाज के वरिष्ठ बुद्धिजीवी नागरिकों ने अपनी-अपनी स्वेच्छा से गिरौदपुरी विकास के लिए 10 मिनट में ही लगभग 9.5 लाख रुपए देने के लिए सहमति दी। अंत में गुरु बाल दास साहेब द्वारा आशीर्वचन प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे, जिसमें मुंगेली से डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, सचिव एचआर भास्कर, उपाध्यक्ष एसपी कौशिक, कोषाध्यक्ष योगकुमार पाटले, कार्यकारिणी सदस्य शत्रुहन कांत, जगदीश कांत, राजेश दिवाकर, जितेन्द्र कुमार, रेखचंद कोशले, रेश दिवाकर, सुखचंद भास्कर आदि शामिल हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ शासन, कृषि विकास तथा किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, नवा रायपुर के निर्देशन में भगवान बलराम जयंती भाद्रपद शुक्ल षष्ठी को किसान दिवस के रूप में जिले भर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती, गौ-आधारित कृषि वाणिज्य तथा तिलहन उत्पादन विषय पर जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्री बलराम की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एसके वर्मा ने किसानों को जैविक खाद की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ पादप रोग एसके लहरे ने धान की फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों के प्रबंधन के उपाय बताए।

विषय विशेषज्ञ उद्यानिकी डॉ. प्रमिला जोगी ने वर्षा कालीन सब्जियों की उन्नत खेती की तकनीक पर प्रकाश डाला। विषय विशेषज्ञ कृषि प्रसार नेहा लहरे ने क्रॉप डॉक्टर ऐप की उपयोगिता एवं उसके लाभों की जानकारी दी। इंजीनियर पल्लवी पोर्ते ने कृषकों को नवीन कृषि यंत्रों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच पोरेन्द्र पाल डहरिया तथा कृषि विभाग से निवेदिता गवेल, डीपीडी, सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कृषक उपस्थित रहे।

**समक्ष - नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**शपथ पत्र**

मै रश्मि सिंह ठाकुर उम्र 43 वर्ष पति राघवेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी C-6, टाइप 3, गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी केम्पस कोनी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ की हूँ जो की निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ -

1. यह कि विवाह के पूर्व मेरा नाम रश्मि सिंह था।
2. यह कि मेरा विवाह 23 जून 2005 को राघवेन्द्र सिंह ठाकुर के साथ हुआ था जिसके बाद मेरा नाम रश्मि सिंह ठाकुर (Rashmi Singh Thakur) हो गया है अब मुझे इस नाम से जाना जाता है।
3. अत: अब से मुझे रश्मि सिंह ठाकुर (Rashmi Singh Thakur) के नाम से जाना पहचाना जावे तथा मेरे सभी दस्तावेजो रखे प्रपत्रों में मेरा नाम रश्मि सिंह ठाकुर (Rashmi Singh Thakur) का प्रयोग किया जावे।

**सत्यापन**

मै रश्मि सिंह ठाकुर उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ की उक्त शपथ पत्र की कंडिका 1 से कंडिका 3 तक वर्णित समस्त तथ्य सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 29/08/2025 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया

शपथकर्ता

**नीरज कुमार दुबे**
अधिवक्ता/नोटरी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 29/8/2025

ग्राम तालापारा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तालापारा प.ह.न. 39 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 28/12 रकबा 1800 वर्गफुट हेक्टेयर / एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक शत्रुहन लाल वर्मा पिता/पति स्व. घनाराम वर्मा निवासी तालापारा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 15/09/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 29/8/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 29/8/2025

ग्राम तालापारा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तालापारा प.ह.न. 39 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 28/9 में से रकबा 1800 वर्गफुट हेक्टेयर / एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक उषा वर्मा पिता/पति सोमनाथ वर्मा निवासी तालापारा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 15/09/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 29/8/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क. 202307250500008
अ-6/2022-23,
ग्राम तराईकापा प.ह.नं. 05

**//नोटिस//**

प्रति-विष्णु गेंदले पिता स्व. दुबे गेंदले जाति सतनामी निवासी ग्राम गोइन्द्री तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) हॉल मुकाम संभागीय संयुक्त संचालक कृषि राजेन्द्र नगर नेहरू चौक के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थिनी हेमलता कोशले पति ओमप्रकाश जाति सतनामी निवासी ग्राम खरसोला तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) खास मुख्तियार गणेश पात्रे पिता तितरा पात्रे जाति सतनामी निवासी ग्राम डाड़गांव तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया के रा.प्र.क. 202203261400035/अ-6/2021-22 में पारित आदेश दिनांक 30/05/2022 से क्षुब्ध होकर छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील मय धारा 05 शपथ पत्र एवं अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 08/09/2025 को प्रात: 11 बजे नियत है। अत: आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवें। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 29/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

(समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

रा.प्र.क्र.........ब-121/2025
क्रमांक/225/वाचक/तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 28.08.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम परसाकापा को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार पति/पिता श्री पंचराम जाति नाई साकिन परसाकापा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/बहन प्रेमबती आ. श्री गुहा के मृत्यु दिनांक 10.7.2023 ग्राम परसाकापा को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 11.09.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**''समंस/नोटिस''**

विनय कुमार ....वादी
// बनाम //
भुजबल सिंह मरावी ...............प्रतिवादी

प्रोसेस नंबर - 242
व्य. वाद क्र.: 1-बी/2025
आदेश दिनांक: 13.08.2025
पेशी दिनांक 11.09.2025

प्रति, भुजबल सिंह मरावी, (पूर्व उपसरपंच ग्राम सेमरा) उम्र 50 वर्ष, पिता स्व. संतराम मरावी, जाति गोंड़ निवासी ग्राम सेमरा, पो. चपोरा, थाना व तहसील रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आप प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि वादी के द्वारा इस न्यायालय में मौजा बांसाझाल, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. रतनपुर, तहसील कोटा, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 05 रकबा 0.90 एकड मे से 0.70 एकड़ भूमि को आप प्रतिवादी के द्वारा 3,00,000/- रूपये में विक्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा दिनांक 19.02.2021 का निष्पादन करने में असफल रहने पर वादी से प्राप्त किये गये अग्रिम/बयाना राशि 1,50,000/- की वसूली राशि व्यवहार वाद इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 11.09.2025 को दिन 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये आप प्रतिवादी को समंन किया जाता है। आप प्रतिवादी स्वयं अथवा अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस अपने प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें एवं अपने ऐसे सभी दस्तावेज जिन पर प्रतिरक्षा या मुजरा, ईफा दावा या प्रतिदावा आधारित हो, दाखिल करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप प्रतिवादी ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होते है तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

आज दिनांक 18/08/2025 का मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

स्थान - कोटा,
दिनांक 18/08/2025

**(श्रीमती केवरा राजपूत)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आज

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक 31 अगस्त को सुबह 11 बजे विजयपुरंण्डल कार्यालय में आयोजित की गई है। यह जानकारी मंडल महामंत्री कामता कुलमित्र ने दी।

### सिंगरौल बने राज्य सोशल आडिट इकाई के डायरेक्टर

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सोशल



आडिट इकाई के डायरेक्टर के रूप में मोछ निवासी डॉ जितेंद्र सिंगरौल को नियुक्त किया गया है। ग्रामीण एवं पंचायत विभाग ने 28 अगस्त को पत्र जारी किया और 29 अगस्त को डॉ सिंगरौल ने पदभार ग्रहण कर लिया।

### मछुआ महासंघ के अध्यक्ष को श्रद्धांजलि

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के अध्यक्ष एमआर निषाद का निधन होने पर केंवट निषाद समाज की ओर से उनको श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय केंवट ने कहा कि, स्वर्गीय निषाद समाज की भलाई और उन्नति के लिए हमेशा से प्रयासरत रहे और उनके मार्गदर्शन और निर्देशन में समाज ने कई उपलब्धियां हासिल की है।

### अटल के नेतृत्व में कांग्रेस का चक्काजाम कल

**करगीरोड कोटा।** जनसमस्याओं को लेकर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में 1 सितम्बर सोमवार को सुबह 11 बजे जय स्तंभ नाका चौक पर चक्काजाम किया जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने बताया कि इस आंदोलन में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, समस्त पार्षद, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ, पिछड़ा वर्ग, किसान कांग्रेस, सेवा दल एवं पार्टी के अन्य सभी आनुषांगिक संगठन शामिल होंगे।

## वैदिक कॉलेज में कैरियर गाइडेंस सेमिनार, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

# सही निर्णय और लक्ष्य निर्धारण से ही मिलती है पक्की सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा देने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से शनिवार को वैदिक महाविद्यालय में विजन एकेडमी की ओर से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जेवरा हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक कृष्णा सुनहरे, एकेडमी के शिक्षक नरेश चौधरी, शोभा कुर्रे, कॉलेज के सचिव अशोक श्रीवास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय ने की। सहायक प्राध्यापक राजेंद्र क्षत्रिय ने संस्था की उपलब्धियों और शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। द्वारिकेश पांडेय ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन की महत्ता बताते हुए कहा




**डिग्री से ज्यादा मायने रखता है लक्ष्य और सोच**

विजन एकेडमी के शिक्षक नरेश चौधरी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि, आज के समय में केवल डिग्री की वैल्यू नहीं रह गई है, बल्कि सफलता के लिए स्पष्ट उद्देश्य, सही सोच और लक्ष्य निर्धारण जरूरी है। किताबें जीवन की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं, जो हर परिस्थिति में साथ देती हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने माता-पिता के विश्वास पर खरा उतरें और अपने लक्ष्य को हासिल करने तक निरंतर मेहनत करें।

कि, समय लौटकर कभी नहीं आता, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अध्ययन के प्रति गंभीर होना चाहिए। शिक्षा का कोई विकल्प नहीं है, और सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन, एकाग्रता तथा लक्ष्य-निष्ठा आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन आकांक्षा भारती ने व्यक्त किया। इस दौरान कॉलेज के प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों में गजब का उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने वक्ताओं से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

**सही निर्णय से बदलती है पीढ़ियों की तकदीर-** जेवरा गवर्मेंट स्कूल के व्याख्याता कृष्णा सुनहरे ने कहा कि, जीवन में सबसे अहम है निर्णय लेने की क्षमता। यदि आप अपने फैसले स्वयं लेंगे तो रास्ते अपने आप खुलेंगे। शिक्षा का असली उद्देश्य है एक श्रेष्ठ और सफल नागरिक बनना। सरकारी नौकरी केवल व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी संवार देती है। सफलता के लिए सही मार्गदर्शन, दृढ़ निश्चय और नियमित रूटीन जरूरी है। शॉर्टकट के सहारे सफलता पाना असंभव है।

## आगर नदी में डूबने से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**पथरिया।** पथरिया थाना क्षेत्र के ग्राम जगताकापा में आगर नदी में डूबने से एक 70 वर्षीय वृद्ध सतेलू निषाद पिता स्व बंशी निषाद की दुखद मौत हो गई। ग्रमीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं ग्रामीणों गोताखोरों की मदद से बुजुर्ग की खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। नदी जलस्तर बढ़ा होने के कारण बुजुर्ग की लाश अगले दिन बरामद की



गई। ग्रामीणों के अनुसार, सतेलू किसी काम से नदी किनारे गया हुआ था, जहां पैर फिसलने से वह नदी मे जा गिरा एवं देखते ही देखते व्यक्ति गहरे में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव के लोग व परिवारजनों ने आसपास तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला।

**लगभग 24 घंटे बाद मिला शव-** पुलिस ने बताया कि, शनिवार को लगभग 1 बजे पथरिया के वार्ड क्रमांक 1 लछनपुर पुल के पास शव मिला। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

## लापता युवक की तलाश करने एसपी को ज्ञापन

**लोरमी।** सर्व आदिवासी समाज ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर लापता युवक की पतासाजी की गुहार लगाई है। युवक जॉब करने आगरा गया, जहां से वह लापता हो गया। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि, ग्राम रानीगांव वार्ड क्रमांक 11 लोरमी निवासी मनीष कुमार ध्रुव पिता परमानंद ध्रुव 18 जुलाई को अपने माता पिता से सहमति लेकर जॉब करने के लिए आगरा जाने घर निकला था।



घर से जाने के बाद वह रोजाना अपने 9329773146 से घर में बात किया करतका था। 5 अगस्त को उसने घर में फोन कर 7383177467 नम्बर पर फोन पे द्वारा पैसे मंगाया, इसके बाद लगातार उसका नंबर व्यस्त आता रहा एवं उससे दोबारा बात नहीं हो सकी। तीन दिनों तक कोई जवाब नहीं देने पर 8 अगस्त को निजी तौर पर लोरमी थाने में यवक की गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। युवक की गुमशुदगी से परिवार वाले बेहद परेशान हैं। इसी क्रम में परिजनों ने मनीष कुमार ध्रुव की जल्द पतासाजी करने की गुहार लगाई है।



## धर्मेंद्र बने टेंट व्यसायी संघ के अध्यक्ष

**लोरमी।** नगर के मंगलम भवन में टेंट व्यवसायियों एक बैठक आहूत कर सर्व सम्मति से मंगलम भवन के संचालक धर्मेंद्र गिरी गोस्वामी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उस अवसर पर धर्मेंद्र गिरी ने कहा कि, आप लोगों ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसपे खरा उतरने का प्रयास करूंगा एवं व्यपारी हित मे काम करने के प्रयास करूंगा। हरि शोभा वाटिका के संचालक मनोज केशरवानी को उपाध्यक्ष, श्रीधर टेंट संचालक अखिलेश पांडेय कोषाध्यक्ष, महालक्ष्मी टेंट जुनापारा के संचालक सुनील साहू सचिव और गेश टेंट गोड़ खाम्ही के संचालक योगेश मौर्य को मीडिया प्रभारी यो बनाया गया। साथ ही सभी सदस्यों की सहमति से परिक्षेत्र के अलग अलग पांच जोन में उपाध्यक्षों की नियुक्ति आगामी बैठक 25 सितम्बर को की जाएगी। इस अवसर पर परिक्षेत्र के करीब 60 से ज्यादा टेंट व्यापारी शामिल हुए।

## निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: मंडावी

**गौरेला।** कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने शनिवार को अरपा सभा कक्ष में निर्माण विभागों की बैठक लेकर विभिन्न निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने गुणवत्ता को लेकर तकनीकी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि, निर्माण कार्यों के गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश



उन्होंने जिले में स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि, प्राक्कलन तैयार करते समय सभी पहलुओं का सटीक आकलन करें और प्राक्कलन तैयार करने से पूर्व निर्माण स्थल का अनिवार्य रूप से भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने निर्माण कार्यों में पारदर्शीता सुनिश्चित करने के लिए कार्य की लागत, कार्य का विवरण आदि प्रदर्शित करने अनिवार्य रूप से बोर्ड लगाने कहा। उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं में प्रगति लाने, आवासों का भौतिक सत्यापन करने और अधूरे पड़े आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु विशेष प्रयास करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि, बिना स्थल निरीक्षण के स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए प्राक्कलन नहीं भेजा जाए। उन्होंने आवश्यकता अनुसार आहता निर्माण का प्रस्ताव भेजने और लंबित शिकायतों की समय सीमा में जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अधीन चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने तीन दिवस के भीतर अपूर्ण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने को कहा। बैठक में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केंद्रों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई।

## किसानों को वितरित किया गया 560 बोरी यूरिया खाद

**लोरमी।** किसानों की मांग को देखते हुए एसडीएम मायानंद चंद्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को अनिरुद्ध कृषि केन्द्र लोरमी में 560 किसानों को कतार से एक-एक बोरी यूरिया खाद का किफायती दर से वितरण किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम मायानंद चंद्रा, नायब तहसीलदार शांतनु तारम, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी धनंजय कुर्रे, फर्टिलाइजर इंस्पेक्टर मनहरण कुर्रे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नीतेश गुप्ता, धर्मेंद्र बर्मा, रामेश्वर सिंह ध्रुव, सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि, क्षेत्र में किसानों को यूरिया खाद को लेकर मारामारी की स्थिति रही है। प्रशासन की पहल से यूरिया खाद



मिलने से किसानों ने राहत की सांस ली। लेकिन किसानों ने और अधिक मात्रा में खाद की मांग की है, क्योंकि इतनी खाद पर्याप्त नहीं है। इस पर प्रशासन ने शीघ्र पहल का आश्वासन दिया गया है।



30 AGUST- BSP-PG-6-0_Layout 1 8/31/2025 12:34 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### ज्येष्ठ नागरिक संघ की पावस संध्या आज

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ की पावस संध्या 31 अगस्त को शाम 5.30 बजे राम मंदिर तिलक नगर में आयोजित की जा रही है। संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने बताया कि ज्येष्ठ नागरिक संघ अपना वार्षिकोत्सव पावस संध्या के रूप में मनाता है। इसमें वरिष्ठ जनों द्वारा सांस्कृतिक व गीत - संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने संघ के सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### कुशवाहा समाज का तीज मिलन समारोह आज

**बिलासपुर।** कश्यप कुशवाहा समाज का तीज मिलन समारोह 31 अगस्त को सामुदायिक भवन कुदुदंड में शाम 5.30 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। समाज के अध्यक्ष सहदेव कश्यप ने समाज के लोगों से इसमें उपस्थित होने की अपील की है।

### इमलीपारा में निरंकारी संत समागम आज

**बिलासपुर।** संत निरंकारी मिशन शाखा बिलासपुर में सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज की असीम कृपा से महात्मा अशोक जुनेजा भोपाल के सानिध्य में रविवार 31 अगस्त को समय प्रातः 11 से 2 बजे तक सत्संग भवन इमलीपारा में जोन-स्तरीय एक दिवसीय निरंकारी ई.एम.एस संत समागम का आयोजित किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर जोन के कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, पेण्ड्रा, बिल्हा-चकरभाठा, अम्बिकापुर, पत्थलगांव से बच्चे एवं संगत में शामिल होकर सत्संग के साथ ही नाटक, स्क्रीप्ट, गीतों व नृत्य द्वारा परमात्मा के ज्ञान की सिखलाई भी देगें। अंत में गुरू प्रसाद लंगर की व्यवस्था की गई है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** बीती रात पुरानी रंजिश में एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द निवासी सुनील निषाद पिता पितरा निषाद 29 अगस्त की रात 12.30 बजे घर के पास खड़े हुए थे। इसी दौरान रामचरण श्रीवास आया और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए उनके साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर युवक ने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। जिससे दाया गाल, सीना, पीठ में चोट आई है। पुलिस ने सुनील की रिपोर्ट पर रामचरण के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रिक्त पदों पर आवेदन 15 सितम्बर तक

**बिलासपुर।** बिल्हा अंतर्गत स्वीकृत नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों पर भरती के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। ग्राम पंचायत पोड़ी स क्र 3, नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्र 8 चित्रकांत जायसवाल एवं वार्ड क्र 7 कालिका नगर में कार्यकर्ता एवं सहायिका के एक-एक रिक्त पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है। कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों पर आवेदन करने की तिथि 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक है। इच्छुक आवेदिका सीधे अथवा पंजीकृत डाक से एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बिल्हा में आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी आयुक्त, नगर पालिक निगम बिलासपुर, सीईओ जनपद पंचायत बिल्हा एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बिल्हा के सूचना पटल से प्राप्त कर सकते हैं।

**लोक निर्माण विभाग उदासीन** | **22 सौ क्षमता के केन्द्रीय जेल में रह रहे 3075 कैदी**

# विभाग ने 5 साल पहले दिया था फंड, 7 बार हो चुका टेंडर, फिर भी जेल निर्माण अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बैमा नगोई में प्रस्तावित केंद्रीय जेल भवन का निर्माण 5 साल बाद भी अधर में है। 5 साल पहले इसे स्वीकृति दी गई थी, लोकनिर्माण विभाग निर्माण के लिए 7 बार टेंडर कर चुका है। इसके बावजूद निर्माण पूरा नहीं कराया जा रहा है। दरअसल जिस ठेकेदार को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई, उसे विभाग ने काम से हटा दिया, तब से लेकर अब तक विभाग टेंडर में उलझा हुआ है।

प्रस्तावित केंद्रीय जेल भवन का काम कब से शुरू होगा, इसकी तारीख बताने में लोक निर्माण और जेल विभाग के अधिकारी जवाब देने के हालत में नहीं है। 22 सौ क्षमता वाले वर्तमान केन्द्रीय जेल में 3075 कैदी रखे गए हैं, 8 सौ से अधिक कैदियों को जेल में रखने के लिए जगह कम पड़ रही है, लेकिन जेल भवन का निर्माण करने विभागों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की है, जिसके चलते समस्या बढ़ रही है। खास बात यह है कि अप्रैल 2025 में डीजी जेल ने लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर कहा था कि केंद्रीय जेल में क्षमता से अधिक बंदी हैं, ऐसे में जल्द काम शुरू कराकर कर उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। हाल यह है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी इस पर कोई निर्णय नहीं ले पा रहे हैं।

### दिन ब दिन बढ़ रहे अपराध

जिले सहित संभाग का रिकार्ड देखें तो पता चलता है कि हर साल अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है, ऐसे में पुलिसिया कार्रवाई के साथ अपराधी भी जेल पहुंच रहे हैं, लेकिन अब उनको रखने के लिए जेल में जगह भी नहीं बच रही है। ऐसे में नवीन जेल की आवश्यकता है।

### शासन पर पड़ेगा वित्तीय भार

बैमा में पिछले चार साल से केंद्रीय जेल भवन का निर्माण रोककर रखा गया है। दरअसल 2021 में जेल निर्माण के लिए जेल विभाग ने निर्माण की स्वीकृति दी। लोक निर्माण विभाग ने 2022 में टेंडर कर 7.35 बिलो रेट पर मां भगवती कंस्ट्रक्शन को ठेका दिया था, लेकिन लोनिवि के अधिकारियों ने अपने ही दिए ठेकों को फर्जी बताकर ठेकेदार को काम से हटा दिया, यह मामला अभी भी अनसुलझा है। इस बीच लोनिवि ने 6 बार टेंडर किया है। 5वीं टेंडर जनवरी 2024 में किया गया, 131 करोड़ में विनोद जैन को मिला, जो पुराने रेट से 18 फीसदी अधिक था। जबकि पूर्व में 110 करोड़ रुपए में मां भगवती कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। अधिक रेट में टेंडर आने के कारण ठेकेदार विनोद जैन को काम नहीं दिया गया। अब तक 7 बार टेंडर किया जा चुका है, फिलहाल 7वां टेंडर खोला जाना बाकी है। बताया जा रहा है कि इस बार भी टेंडर का रेट पूर्व के रेट से अधिक होगा, ऐसे में शासन को वित्तीय भार पड़ना तय है।

### जल्द पूरा होगा निर्माण

टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है, रेट अभी सामने नहीं आए हैं। शासन स्तर से निर्णय लिया गया है, जल्द ही जेल निर्माण का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

**-वीके भतपहरी**
ईएनसी, पीडब्ल्यूडी

### क्षमता से अधिक कैदी हैं

जेल में क्षमता के हिसाब से कैदी अधिक हैं। वर्तमान में यहां 3075 कैदियों को रखा गया है। जेल निर्माण के लिए उच्च अधिकारी पत्राचार करते होंगे। मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

**-खोमेश मंडावी**
जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल

**डिप्टी सीएम और विधानसभा अध्यक्ष से मिलने के दौरान हुई धक्कामुक्की**

# प्रदर्शनकारियों व पुलिस के बीच धक्कामुक्की पदाधिकारी गिरफ्तार, जमानत पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्किट हाउस में विभानसभा अध्यक्ष और डिप्टी सीएम से मिलने पहुंचे एनएचएम कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों के बीच हुई धक्कामुक्की के बाद पदाधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं कर्मचारियों के दबाव में महज धारा 151 की कार्रवाई की गई और शाम होते-होते पदाधिकारी को छोड़ दिया गया।

- **एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी**

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों के दल के साथ पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इसके बाद कर्मचारी पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस पहुंचे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सर्किट हाउस में मौजूद रहे। एनएचएम कर्मचारियों को पुलिस ने मिलने से रोक दिया, पुलिस ने कहा कि मिलने से पहले अनुमति जरूरी है। जिसके बाद कर्मचारी गेट पर ही नारेबाजी करने लगे। इस बीच पुलिस और एनएचएम कर्मचारियों के बीच धक्कामुक्की हो गई, जिससे कुछ महिला कर्मचारियों के साथ बदसलूकी होने के बाद कर्मचारियों का रोष उमड़ पड़ा। पुलिस ने स्थिति को भांपते ही पदाधिकारी प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे को गिरफ्तार कर सिविल लाइन थाने ले गई। पदाधिकारी पर धारा 151 की कार्रवाई की गई लेकिन कर्मचारियों के द्वारा थाने में जमावड़ा लगाने और नारेबाजी करने के बाद पदाधिकारी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।



सर्किट हाउस के बाहर नारेबाजी करते स्वास्थ्य कर्मचारी व उनके परिजन।

### 13वें दिन ठप रही स्वास्थ्य व्यवस्था

हड़ताल को 13 दिन बीत चुके हैं, प्रदेश भर में स्वास्थ्य व्यवस्था ठप है। इधर शासन ने हड़तालियों पर सख्ती बरतने का फैसला कर लिया है, इसकी का विरोध भी हो रहा है। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने कहा कि शासन हड़तालियों पर बल का प्रयोग कर रही है, जबकि उनकी मांगें जायज हैं। बिना नियमितिकरण और मांगे पूरी हुए हड़ताली वापस नहीं होंगें।

### ये कर्मचारी रहे उपस्थित

इस दौरान जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्याक्ष जीवन महंत, सचिव प्रमोद पटेल, सूरज मनहर ,डा सौरभ शर्मा, संजय सिंह , सतीश चौहान , सोहन कुंभकार, यशपाल नेतान , सचिन कुमार , दीपक यादव , भरत लाल सेन , बी. रमेश जी , कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल महामंत्री ऋतु राज शर्मा, सहकोषाध्य रोशन साहू,डॉ नवनीत कौशिक, ताहिर शेख, प्रदीप रॉय, सुदर्शन साहू, अश्वन देवांगन सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।महिला विंग से अध्यक्ष अजीता पांडेय, उपाध्यक्ष, डॉ सिंड्रेला पाल, सरोजनी करियारे, सुमन शर्मा, कुसुम सिंह, मित्राणी चौधरी, रूपवती मरावी, प्रभा पटेल शामिल रही।

# मुआवजा मिलने तक नहीं लेंगे युवक का शव

**बिलासपुर।** कोचिंग डिपो में हाईटेंशन ओएचई की चपेट में आकर निजी कर्मचारी की अपोलो में इलाज के दौरान मौत हो चुकी है, जिसका पोस्टमार्टम होने के बाद शव को मरच्यूरी में रखा गया है। वहीं मृतक के परिजन रेलवे से एक करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी की मांग पर अड़े हुए हैं, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है तब तक परिजन ने शव का अंतिम संस्कार नहीं करने का निर्णय लिया है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के कोचिंग डिपो में वंदेभारत कोच के ऊपर की सफाई करने के दौरान भिलाई की निजी कंपनी का कर्मचारी प्रताप बर्मन ओएचई की चपेट में आ गया था। दो दिन पहले प्रताप बर्मन की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन रेल प्रशासन से एक करोड़ रुपए का मुआवजा और नौकरी की मांग को लेकर हंगामा मचाना शुरु कर दिए। इसे लेकर परिजन के साथ बहुजन समाज पार्टी के सदस्य भी आकर डीआरएम कार्यालय के सामने बैठ गए। दूसरी ओर मृतक प्रताप बर्मन का शव अपोलो से लाकर जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रख दिया गया। परिजन युवक के शव को डीआरएम कार्यालय के सामने रखकर प्रदर्शन करना चाह रहे हैं, जिसे लेने के लिए वे लगातार जिला अस्पताल जाकर हंगामा भी कर रहे हैं लेकिन पुलिस की ओर से शव को देने से इनकार किया जा रहा



है। परिजन का कहना है कि जब तक रेलवे एक करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी नहीं देती है तब तक उसके शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। शनिवार को भी डीआरएम कार्यालय के साथ जोन मुख्यालय का भी गेट छुट्टी होने की वजह से बंद था, जिसकी वजह से कोई भी अफसर नहीं पहुंचा। इसके बाद भी परिजन शव ले जाने वाली काठी को सामने में रखकर डीआरएम कार्यालय के सामने बैठे रहे।

### 16 रेलवे और 5 स्टेट से

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार मृतक को मुआवजा राशि के रूप में 16 लाख रुपए रेलवे की ओर से और 5 लाख रुपए स्टेट की ओर से दिया जा रहा है। इन दोनों को मिलाकर 21 लाख रुपए परिजन को दिया जाना है। इसे अगर परिजन नहीं मानते हैं तो हाईकोर्ट के निर्णय के अनुसार ही आगे का कार्य किया जाएगा।

# डीजे संचालकों ने नारेबाजी कर हंगामा मचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन ने इस बार त्योहारों पर डीजे पर सख्ती दिखाई है। डीजे को जब्त करने और पुलिसिया कार्रवाई से नाराज डीजे संचालक शुक्रवार की रात डिप्टी सीएम अरूण साव के बंगले पहुंच गए, इस दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए संचालकों ने हंगामा किया। इस दौरान एसएसपी रजनेश सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने संचालकों को समझाइश देते हुए शांत कराया। साथ ही एक सितंबर को उनकी बैठक लेकर बातचीत करने का भरोसा दिलाया।

- **एसएसपी ने संचालकों को समझाइश देते हुए शांत कराया**

दरअसल, त्योहारी सीजन शुरू होते ही डीजे की डिमांड बढ़ गई है लेकिन, इस बार हाईकोर्ट की सख्ती के बाद जिला और पुलिस प्रशासन ने गणेश उत्सव के दौरान डीजे पर अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। इस बार गणेश प्रतिमा स्थापना सहित अन्य समारोह में डीजे संचालकों को अनुमति नहीं दी जा रही है। साथ ही गाड़ियों में डीजे रखने पर यातायात नियमों के तहत कार्रवाई भी की जा रही है। इससे डीजे संचालक अब एकजुट होकर आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने व्यवसाय चलाने के लिए कर्ज लिया है। महंगे-महंगे साउंड सिस्टम सहित उपकरणों की खरीदी की है।



### समस्या का समाधान निकालने का भरोसा दिलाया

एसएसपी ने इस तरह से बिना अनुमति डिप्टी सीएम का बंगला घेरने पर नाराजगी जताई। साथ ही कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। डीजे संचालकों ने उन्हें अपनी समस्याएं बताते हुए अपनी व्यवसायिक समस्या का हल निकालने का आग्रह किया। हालांकि, एसएसपी सिंह ने उनकी बातों को सुनने के बाद एक सितंबर को संघ के पदाधिकारियों की बैठक लेकर उनकी समस्या का समाधान निकालने का भरोसा दिलाया। इस दौरान डीजे संचालकों ने एसएसपी सिंह से कहा कि, वो नियमों के तहत डीजे बजाएंगे। लेकिन, विशेष परिस्थिति में वाहनों पर डीजे लगाने की अनुमति दी जाए। ताकि उनका व्यवसाय प्रभावित न हो। उन्होंने यातायात नियमों के साथ ही कम साउंड में डीजे बजाने का भरोसा दिलाया।

# ठेकेदार के सूने मकान में चोरों का धावा सोने-चांदी के जेवर व नकद ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ठेकेदार के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।



कोनी पुलिस के अनुसार, निरतू निवासी विनोद पटेल पिता भूषण पटेल ईंट भठ्ठा में ठेकेदारी करते हैं। 28 अगस्त को दोपहर 2 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार को लेकर हरदीबाजार साली के गोदभाई में चले गए थे। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने धावा बोलकर आलमारी के लाकर से सोने का झुमका, टाप्स, सोने का मराठी माला, पायल, दो करधन, चांदी का चूडा, नकद रकम चोरी कर भाग गए। 29 अगस्त को शाम 4 बजे श्री पटेल घर लौटे तो दरवाजे में पर ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी खुली हुई थी। लाकर से जेवर व नकद रकम चोरी हो गई। श्री पटेल ने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दो दिन बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### ब्यूटी पार्लर से चोरी करने वाला गिरफ्तार

ब्यूटी पार्लर से 55 हजार का सामान चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 26 अगस्त की रात चोरों ने तालापारा निवासी मोनिका हुसैन पिता इमरान के तेलीपारा बजरंग काम्प्लेक्स स्थित ब्यूटी पार्लर से 55 हजार रुपए सामान चोरी कर लिया था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से छोटी कोनी निवासी विक्रम उर्फ विक्की जायसवाल पिता स्व. सुंदर जायसवाल 28 साल को पकड़कर चोरी गया सामान बरामद कर लिया है।

### बाइक लूटने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बाइक लूटने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 5 अगस्त को केसला निवासी बहोरिक कुमार चेलके पिता जोहान लाल चेलके 31 साल बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएक्स,5586से तिफरा सब्जी मंडी काम करने जा रहे थे। जोगीपुर रहंगी वाणीराव पेट्रोल पंप के पास दो युवक उन्हें रोककर मारपीट कर बाइक लूटकर फरार हो गए थे। शनिवार को पुलिस ने विकास यादव उर्फ मुकेश पिता मंगलूराम यादव 20 साल धरदेई शिवरीनारायण, रोशन भास्कर पिता महेन्द्र भास्कर 25 साल कोहरौदा बिल्हा निवासी को पकड़कर लूटी गई बाइक बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।







# ट्रांसफार्मर खराब, गांव में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सबस्टेशन कार्यालय का घेराव और अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी नगपुरा पंचायत की बिजली सप्लाई बहाल नहीं हो सकी है। जहां शुक्रवार को ग्रामीणों ने सिरगिट्टी सब स्टेशन का घेराव कर समस्या गिनाई और अधिकारियों ने व्यवस्था दुरूस्त करने का दम भरा, वहीं शनिवार को ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद 300 से अधिक घरों में फिर से अंधेरा छा गया। इस दौरान लोगों को पीने के पानी के लिए मोहताज होना पड़ा।

सिरगिट्टी सब स्टेशन से लगे नगपुरा गांव में बिजली की समस्या चरम पर पहुंच चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि सिलपहरी से सप्लाई होने के कारण क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। शुक्रवार को एई ने जल्द ही समाधान निकालने की बात कह कर ग्रामीणों को चलता कर दिया था, लेकिन शनिवार को एक बार फिर ट्रांसफार्मर खराब हो गई और ग्रामीणों को हलाकान होना पड़ा।

नगपुरा के सरपंच विनय कौशिक ने बताया 15 दिन खराब ट्रांसफार्मर में सुधार नहीं हो पाया है। शनिवार को सुबह आवास मोहल्ले का एक और ट्रांसफार्मर खराब हो गया है सुधारने के लिए कर्मचारी पहुंचे लेकिन ट्रांसफार्मर से सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। वहीं कर्मचारियों ने दो दिन में नया ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही और बिना सप्लाई शुरू किए वापस लौट गए।

### बलात्कार का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दादी के घर से खाना लेकर आ रही पीड़िता को दो लोगों ने निमार्णाधीन मकान में बंधक बनाकर बलात्कार किया था। पुलिस ने फरार एक युवक को पकड़ लिया है। वहीं दूसरे युवक की तलाश की जा रही है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, 5 अगस्त को क्षेत्र में रहने वाली एक पीड़िता रात में अपने दादी के घर से खाना लेकर आ रही थी। इसी दौरान दो युवक उन्हें रोककर जोर जबरदस्ती कर एक निर्माणाधीन मकान में लेकर गए और बंधक बनाकर बारी बारी से शारीरिक संबंध बनाया था। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर लिया था। पुलिस ने शनिवार को फरार आरोपी बोदरी वार्ड क्रमांक 12 निवासी नारू उर्फ संजय वालेचा पिता स्व. राजकुमार वालेचा 23 साल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक अन्य युवक की सरगर्मी से तलाश चल रही है।




बोलबम गणेश उत्सव समिति, तखतपुर।


मां महामाया चौक गणेश उत्सव समिति , तखतपुर।


तमेरपारा गणेश उत्सव समिति, तखतपुर।


होलिका चौक गणेश उत्सव समिति, तखतपुर।


मां शीतला गणेश उत्सव समिति देवांगन पारा तखतपुर।


धुरीपारा गणेश उत्सव समिति तखतपुर।


मां महामाया गणेशा उत्सव समिति बरेला।



बाजार चौक दगौरी।



कुटी चौक दगौरी।



भवानी चौक दगौरी।


बाल गणेश उत्सव समिति जनकपुर रोड तखतपुर


शिव नगर गणेश उत्सव समिति तखतपुर

# सीपत अंचल में गणेशोत्सव की धूम, विराजे विघ्नहर्ता , देर रात तक उमड़ रही श्रद्धा



**सीपत।** सीपत अंचल इन दिनों गणेश भक्ति में डूबा हुआ है। घरों, पूजा पंडालों और गली-चौराहों पर विघ्नहर्ता गणपति बप्पा का विराजमान होना पूरे क्षेत्र के माहौल को भक्ति और उल्लास से भर रहा है। भक्तगण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सुबह से ही घर-घर में गणपति स्तुति और आरती की गूंज सुनाई देती है, वहीं शाम होते ही आकर्षक रोशनी और सजावट से पंडाल जगमगाने लगते हैं। देर रात तक भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर चलता है, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। युवाओं में गणेशोत्सव को लेकर खासा जोश देखने को मिल रहा है। जगह-जगह झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से त्योहार का रंग और निखर रहा है। पारंपरिक ढोल-ताशे और डीजे की धुन पर लोग बप्पा के जयकारों के साथ झूम उठते हैं। गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया" के नारों से पूरा सीपत अंचल गुंजायमान है। मानो हर गली, हर चौक और हर घर में बप्पा स्वयं भक्तों को आशीर्वाद देने पधारे हों।

## रिटायर्ड पोस्ट मास्टर ने अपने हाथों से बनाई गणेश की प्रतिमा

**करगीरोड कोटा।** रिटायर्ड पोस्ट मास्टर रोशन कौशिक ने अपने जीवन को कड़े संघर्षों से निखारा है, हमेशा मेहनत और ईमानदारी को महत्व दिया। वे शुरु से ही कला प्रेमी रहे और अब सेवा निवृत होने के बाद भगवान गणेश की भव्य मूर्ति अपने हाथों से बनाकर गणेश चतुर्थी के दिन स्थापित कर पूजा-अर्चना की। इससे उन्होंने अपने अंदर छुपी कला का भी शानदार प्रदर्शन किया।



## चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

**मुंगेली।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदकों के कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार व अनंतिम सूची जारी करने के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि, मेडिकल आफिसर, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर, डिट्रिक्ट अकाउंट असिस्टेंट सहित अन्य पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिले के वेबसाइट पर अपलोड की गई है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

## आदिवासी छात्रवासों में खेल गतिविधियां

**मुंगेली।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आदिवासी विकास विभाग की ओर से जिले के विभिन्न छात्रवासों व आश्रमों में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि, जिले के विभिन्न छात्रवासों और आश्रमों में कबड्डी, फुगड़ी, कैरम, बैडमिंटन, शतरंज, गोला फेंक, तवा फेंक, कुर्सी दौड़, ऊंची कूद, क्रिकेट इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

# सुनील, दिनेश, नंदनी, रामेश्वर, हरिशंकर चंद्रकली बने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने जिला पदाधिकारियों की घोषणा की।

जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की सहमति से जिला भाजपा पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है जिसके अनुसार 6 जिला उपाध्यक्ष बनाए गए हैं जिनमें सुनील पाठक, दिनेश साहू, रामेश्वर बंजारे, हरिशंकर वर्मा, चंद्रकली पात्रे, नंदनी साहू, जिला भाजपा महामंत्री के रूप में गुरमीत सलूजा को पुनः जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सरगांव मण्डल के पूर्व अध्यक्ष रहे कैलाश सिंह ठाकुर को जिला महामंत्री बनाया गया है। इसी तरह 6 मंत्री के रूप में मानस सिंह बैस, प्रदीप मिश्रा, रिंकू सिंह ठाकुर, श्रीमती समुंद सिन्द्राम, पायल विश्वकर्मा, पूर्णिमा ध्रुव, जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष होंगे सेतगंगा मण्डल के पूर्व अध्यक्ष सोम वैष्णव, पूर्व मंडल अध्यक्ष भागीरथी यादव मिट्ठूलाल को जिला भाजपा प्रवक्ता तथा कार्यालय मंत्री का दायित्व पुनः कोटूमल दादवानी ही संभालेंगे।




जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति पर जिले के नेताओं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री एवं लोरमी विधायक अरुण साव, बिल्हा पथरिया विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, मुंगेली विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले, पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने संगठन के कार्यों को सक्रियता से पूरा करने की बात कही है।

# बालको व कटघोरा में गांजा बिक्री करते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में नशे के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कटघोरा पुलिस ने बिंझरा धोबी मोहल्ला निवासी दुष्यंत जायसवाल 36 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने एक सफेद प्लास्टिक बोरी में झिल्ली के अंदर भरा 330 ग्राम गांजा जिसकी कीमत लगभग 3 हजार 300 रूपये है बरामद किया है। दुष्यंत जायसवाल के खिलाफ पुलिस ने धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह बालको पुलिस ने बालको चेकपोस्ट निवासी बीर लाल 62 वर्ष को गिरफ्तार किया है। बीरलाल के पास से पुलिस ने एक चिलम, माचिस और सात छोटे पैकेटों में रखा कुल 10.5 ग्राम गांजा जब्त किया गया।

# करंट की चपेट में आने से ठेका कर्मी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** गेवरा बस्ती धरमपुर में विद्युत सुधार कार्य के दौरान एक ठेका कर्मी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे ठेका कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के पीछे सुरक्षा में बरती गई लापरवाही को वजह माना जा रहा है। आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर शव रखकर मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्य में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह सतीश अग्रवाल नामक लाइनमैन चलती हुई विद्युत लाइन पर तार दुरुस्त करने के लिए चढ़ा हुआ था। कार्य के दौरान अचानक वह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। करंट का झटका इतना तेज था कि सतीश मौके पर ही गिर गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी। मृतक के परिवारजन सड़क पर मृतक के शव को रखकर जाम कर मुवाजे की मांग कर रहे हैं। हालांकि विद्युत वितरण कंपनी व ठेका कंपनी द्वारा अब तक मृतक ठेका कर्मी के परिजनों को मुआवजा राशि का वितरण नहीं किया गया है। मृतक सतीश अग्रवाल के साथ काम कर रहे साथी ठेका कर्मी लखन निर्मलकर ने बताया कि मृतक सतीश खम्भे पर चढ़ कर लाईन मरम्मत का कार्य कर रहा था।

# पावर ट्रांसफार्मर लगवाने केंद्रीय मंत्री साहू को सौंपा ज्ञापन

**सेतगंगा/मुंगेली।** ग्राम पंचायत पौनी के ग्रामीणों ने ग्राम में अघोषित बिजली कटौती से विभिन्न समस्या के निदान हेतु नया पावर ट्रांसफार्मर लगवाने के संबंध में केंद्रीय राज्य मंत्री, आवास एवं शहरी प्रशासन राज्य मंत्री एवं बिलासपुर सांसद तोखन साहू को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत पौनी में सब स्टेशन होते हुए भी ग्रामीणों को अघोषित बिजली कटौती की समस्या से लगभग दो महीने से जूझना पड़ रहा है। ग्रामवासियो को पानी पीने योग्य नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान के फसल सुख रहा है। बारिश नही होने या तीनों फेस बिजली नहीं मिल पाएगा, तो किसानों का काफी फसलों का नुकसान हो जाएगी। फसल उपज नहीं होने से अनेक किसान कर्ज के बोझ में डूब जाएगी। सब स्टेशन पौनी के कर्मचारी से पूछने पर पावर ट्रांसफार्मर 3.15 लोड नहीं ले रहा है बोल रहे हैं। तो उसके जगह पर नया पावर ट्रांसफार्मर लगाने से ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को पानी पीने की समस्या से निजात मिल जाएगा। पौनी सब स्टेशन मे नया पावर ट्रांसफार्मर लगाने की अति आवश्यकता है। ज्ञापन देने वालों में सरपंच भारत रत्न मंडेला बनर्जी, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य गेंदराम बनर्जी, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि सत्यप्रकाश सिंह ठाकुर, उप सरपंच बलदाऊ साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।


केन्द्रीय मंत्री को ज्ञापन देते ग्रामीण

# प्रसूता के इलाज मामले में कांग्रेस की तीन सदस्यीय टीम गठित

**मुंगेली।** जिला अस्पताल में एक प्रसूता के इलाज का मामला अब तूल पकड़ने लगा है, मामले पर सुर्खियों में आने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा को निर्देशित करते हुए मामले पर विस्तृत संज्ञान लेने का निर्देश जारी किया है। जिसको लेकर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने पीड़िता से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम का गठन करते हुए मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिएं है।

तीन सदस्यीय टीम में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला को अध्यक्ष बनाया गया है। दिलीप बंजारा और अभिलाष सिंह को सदस्य बनाया गया है। जो मामले की जांच कर जिलाध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। गौरतलब हो कि मुंगेली जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक गर्भवती महिला को लेकर परिजन रात 1 बजे अस्पताल पहुंचे, लेकिन नर्स ने बताया कि डॉक्टर नहीं हैं और सुबह ही आएंगे। महिला कई घंटों तक दर्द से तड़पती रही, जिसके बाद परिजनों ने उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया, जहां उसने सुबह 10 बजे बच्चे को जन्म दिया। मामले पर परिजनों का आरोप है कि मुंगेली जिला अस्पताल में रात में डॉक्टरों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर जिलध्यक्ष सहित नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, अभिलाष सिंह, कौशल सिंह क्षत्रिय, मुकेश मिरी श्रवण सोनकर, गौरी सोनकर उपस्थित रहें।

# विधि विभाग किसी भी राष्ट्र का मूल स्तम्भ

**मुंगेली।** सोनकर कॉलेज में आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम में विधि संकाय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इसी के साथ सोनकर कॉलेज में नए विधि विभाग आज से कक्षाएं प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश दीवान, कार्यक्रम की अध्यक्षता बार कौंसिल ऑफ मुंगेली के अध्यक्ष राजमन सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता संजय गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता रविंदर छाबड़ा, सचिव अधिवक्ता संघ राजेंद्र चंद्रवंशी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने बताया कि विधि संकाय में पढ़ाई करने के बाद किस तरह अधिवक्ता बनें एवं विधि विभाग किसी भी राष्ट्र का मूल स्तम्भ है। हमारे देश में कानून और न्याय व्यवस्था का कार्य इसी विभाग के अंतर्गत आता है। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की रक्षा करना, न्याय पालिका के साथ मिलकर समाज में कानून व्यवस्था बनाए रखना, नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों के बीच संतुलन स्थापित करना ए सभी कार्य विधि विभाग की प्रमुख जिम्मेदारियां है। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक संतुलाल सोनकर, संस्था के संचालक शिव आशीष सोनकर एवं संस्था के रजिस्ट्रार के गंजीर, मैनेजमेंट हैड बलराम देवांगन और विधि विभाग के सभी स्टाफ आरती शुक्ला, प्रियंका डिप, आस्था शर्मा, गणेश सोनकर, प्रीति साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों के द्वारा पौधरोपण भी किया गया।



# सशिमं में चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मुंगेली।** सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में गत दिवस हुए चोरी के फरार आरोपियों को पकड़ने में सिटी कोतवाली पुलिस को सफलता मिली। पुलिस की टीम गठित कर फरार आरोपी ताकेश्वर यादव उर्फ टनटन निवासी विनोबा नगर मुंगेली की गिरफ्तारी की गई।

सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पेण्डाराकापा में 22 अगस्त को हॉस्टल कक्ष का ताला टूटा हुआ था। प्रार्थी मुकेश उपाध्याय पिता स्व. हरी उपाध्याय उम्र 35 साल निवासी कालीमाई वार्ड ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि और सामान समई पीतल की थाली, कॉस का लोटा, बड़ा कढ़ाई 2 नग, बड़ा गंजा 3 नग, बड़ा गैस चूल्हा, जामैट्री बॉक्स 06, बोर केबल को बार-बार काटना, ढोलक तबला मंजीरा हारमोनियम, ब्लूटूथ साउंड बॉक्स बड़ा कुल जुमला कीमती करीबन 25000 रूपए को 15 अगस्त के दोपहर करीबन 1 बजे से 18 अगस्त के प्रातः 11 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 331(4),305 (ए) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में 24 अगस्त को शिव यादव उर्फ शिवनारायण सिंह पिता डेरहा उम्र 28 वर्ष निवासी विनोबा नगर को गिरफ्तार व एक विधि से संघर्षरत बालक को विधिवत कार्रवाई कर मशरूका जप्ती की गई थी एवं फरार आरोपी ताकेश्वर यादव उर्फ टनटन उम्र 27 साल निवासी विनोबा नगर मुंगेली थाना सिटी कोतवाली को 29 अगस्त को पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जो चोरी करना स्वीकार किया।



### 20 वर्षों में एक चमत्कारी परिवर्तन दिख रहा

# अनंत प्रेरणा सेवा समिति ने किया राष्ट्रोदय भवन का लोकार्पण

**मुंगेली।** अनंत प्रेरणा सेवा समिति द्वारा राष्ट्रोदय भवन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दीपक ने कहा कि सारे देश दुनिया में भारत एक विराट रूप लेता हुआ नजर आ रहा है।

कार्यक्रम में रामरूपदास महात्यागी महराज मदकू ने आशीर्वचन प्रदान किया। बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दीपक ने कहा कि भारत माता सारी दुनिया का मार्गदर्शन कर रही होगी, ऐसा विवेकानंद जी ने कहा था। सुदर्शन ने भी कुछ ऐसा ही कहा था और पिछले 20 वर्षों में एक चमत्कारी परिवर्तन दिख भी रहा है। राष्ट्र के उदय से जुड़ता यह समिति के कार्यालय का नाम है। इस अवसर पर टोपलाल वर्मा प्रांत संघचालक, राजकुमार सचदेव विभाग संघचालक, नरेश अग्रवाल, जिला संघ चालक लव सिंह, नगर संघ चालक नगर प्रेम शंकर सिदार, मध्य क्षेत्र सह क्षेत्र प्रचारक, नारायण नामदेव सह प्रांत प्रचारक, चंद्रशेखर वर्मा पूर्व प्रांत कार्यवाह, विजय देवांगन पश्चिम क्षेत्र संपर्क प्रमुख, पवन साय संगठन महामंत्री, उत्तर यादव, प्रकाश लोढ़ा, तोखन साहू केंद्रीय राज्यमंत्री, अरुण साव उप मुख्यमंत्री, धरमलाल कौशिक, विधायक बिल्हा अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर, रामधन रजक, प्रदीप शर्मा, गणपति रॉयल, गोवर्धन देवांगन सहित सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। राजकुमार कश्यप और ताकेश्वर साहू ने आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया। कार्यालय निर्माण में विजय नंदवानी सहित सैकड़ों राष्ट्र सेवक, समाजजनों बंधु भगिनी का सहयोग प्राप्त हुआ।




# हाथियों के झुंड ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 52 हाथियों के झुंड ने किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन मंडल कटघोरा में 52 हाथियों का झुंड पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहा है। इनमें से 44 हाथी खेतों में पहुंच गए। ग्रामीणों ने हाथियों को भगाने के लिए पटाखे फोड़े और आग जलाई। इसके बाद हाथियों का झुंड खेतों से निकलकर सड़क पार कर जंगल की ओर चले गए। वर्तमान में 44 हाथी कोरबा के आसपास और 8 हाथी पसान रेंज में घूम रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, झुंड में नन्हे शावक होने के कारण हाथी गांव के आसपास नहीं जा रहे हैं। हाथियों का झुंड दिन में साल्ही पहाड़ में रहता है और शाम होते ही भोजन की तलाश में खेतों में पहुंच जाता है। बांगो बांध का डुबान क्षेत्र नजदीक होने के कारण हाथी इस क्षेत्र में अधिक समय बिता रहे हैं। चोटिया-चिरमिरी मार्ग पर यातायात प्रभावित हो रहा है। हाथियों के सड़क पार करने के दौरान लोग वीडियो बनाने के लिए सड़क किनारे खड़े हो जाते हैं। पिछले दो दिनों में हाथियों ने लगभग 50 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। चिल्का वन विभाग सर्वे करा रहा है।